


सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25




वर्ष- 15 अंक - 194 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, रविवार 28 अप्रैल 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास-खबर

### महादेव बेटिंग एप मामले में बॉलीवुड एक्टर साहिल खान रायपुर से गिरफ्तार, मुंबई एसआईटी ने की कार्रवाई



**रायपुर।** बॉलीवुड एक्टर साहिल खान को मुंबई एसआईटी ने महादेव सट्टेबाजी ऐप मामले में छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से गिरफ्तार किया था। बॉम्बे हाई कोर्ट द्वारा उनकी गिरफ्तारी पूर्व जमानत खारिज करने के बाद मुंबई साइबर सेल की एक विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने अभिनेता को गिरफ्तार कर लिया। एक्टर को मुंबई ले जाया गया जहां से उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा। बता दें महादेव सट्टेबाजी एप घोटाले में साहिल खान की भूमिका का अभी तक खुलासा नहीं हुआ है। हालांकि, पुलिस ने कहा कि उन्हें बुलाने का प्राथमिक कारण यह था कि उन्होंने एप को बढ़ावा दिया और लोगों से इसका उपयोग करने का आग्रह किया और ऐसा करके ओउन्होंने कथित तौर पर भारी मुनाफा भी कमाया। साहिल खान को इससे पहले एसआईटी ने दिसंबर 2023 में तलब किया था, लेकिन अभिनेता इसमें शामिल नहीं हुए थे और अग्रिम जमानत के लिए आवेदन करके गिरफ्तारी से बच रहे थे। हालांकि वे अब एसआईटी मुंबई की गिरफ्त में हैं।

### नंदिनी रोड में ई-बाइक शोरूम में लगी आग, कई गाड़ियां जली

**भिलाई।** भिलाई। पावर हाउस भिलाई के नंदिनी रोड स्थित एक इलेक्ट्रिक बाइक के शोरूम में भीषण आग लग गई। सूर्या मोटर्स नाम की दुकान में रविवार सुबह करीब 11 बजे धुआं निकलने लगा और देखते ही देखते आग फैलने लगी। मौके पर पहुंचे शोरूम संचालक ने शटर तो उठाया लेकिन दुकान के अंदर जाने की हिम्मत नहीं कर सका। फायर ब्रिगेड को सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची।



लगभग आधे घंटे की मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पा लिया। मौके पर छावनी थाने की पुलिस भी पहुंची।

आग लगने से शोरूम में रखी 8 से 10 इवी व्हीकल पूरी तरह से जलकर खाक हो गए। इन गाड़ियों को हाफ असेंबल बताया गया जिसकी बैटरियां गाड़ियों में नहीं थी। कुछ गाड़ियां ऐसी थी जो यहां बनने आई हुई थी। दुकान मालिक ने बताया कि इस हादसे में उनका लगभग 20 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। आग कैसे लगी इसका कारण स्पष्ट नहीं हुआ है। जांच के बाद कारण स्पष्ट किए जाने की बात कही जा रही है।

# शत प्रतिशत मतदान के लिए कैंपेनिंग, शॉपिंग से लेकर इलाज तक में मिलेगी भारी छूट



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** लोकसभा चुनाव 2024 के तहत छत्तीसगढ़ में दो चरणों का मतदान संपन्न हो चुका है। इस दौरान बस्तर, राजनांदगांव, महासमुद व कांकेर में मतदान पूरा हो चुका है। मतदाताओं ने लोकतंत्र के उत्सव में अपनी भागीदारी भी दी। छत्तीसगढ़ में तीसरे चरण में शेष 7 सीटों पर चुनाव होने हैं। इस दौरान रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, जांजगीर-चांपा व सरगुजा लोकसभा सीटों पर चुनाव होना है। इन सीटों पर शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। रायपुर में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देशन में 7 मई को सब करें मतदान कैंपेन चलाया जा रहा है। इसके तहत व्यापारी संगठन छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स सहित विभिन्न अस्पताल व मॉल सहित फिल्म थिएटर्स भी ऑफर्स दे रहे हैं।

राजधानी रायपुर में कई बड़े हॉटल, रिसॉर्ट्स, अस्पताल, अपने ग्राहकों को 07 मई को मतदान के बाद उनके संस्थान आने पर कई तरह की छूट की घोषणा की है। लोकसभा निर्वाचन-2024 में मतदान करने वाले नागरिकों के लिए रायपुर शहर के प्रतिष्ठित हॉटल व अस्पतालों ने अपनी सेवाओं से संबंधित छूट की घोषणा की है। यह छूट उन मतदाताओं को मिलेगा, जिनकी अंगुलियों पर नीली स्याही होगी। जो भी 7 मई 2024 को अपने मतदान केन्द्र में जाकर भारतीय लोकतंत्र की उन्नति के लिए अपना मतदान करेंगे उन्हें ऑफर्स का लाभ मिलेगा। ऐसे कई संस्थानों ने रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह से भेंट कर अपने ऑफर संबंधी पत्र भी उन्हें सौंपा है।

### चेम्बर ऑफ कॉमर्स की विशेष पहल

मतदाता जागरुकता में चेम्बर ऑफ कॉमर्स अपनी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। चेंबर के प्रदेश अध्यक्ष अमर परवानी व प्रदेश महामंत्री अजय भसीन के नेतृत्व में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ गौरव कुमार सिंह से मुलाकात कर अलग-अलग व्यापारिक समूह अपने उत्पादों में मतदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए छूट देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि जो मतदाता अंगुली की स्याही उनके दुकानों, प्रतिष्ठानों में आकर दिखाएगा उसे तत्काल विभिन्न उत्पाद, रेस्टोरेंट में अलग-अलग छूट दी जाएगी। अमर परवानी ने बताया कि फर्नीचर एसोसिएशन द्वारा 10 प्रतिशत, कपड़ा व्यापारी एसोसिएशन द्वारा 10 प्रतिशत, रायपुर ऑप्टिकल एसोसिएशन द्वारा 15 प्रतिशत, प्लाईवुड एसोसिएशन द्वारा 5 प्रतिशत, शराफा एसोशिएशन द्वारा गोल्ड मेकिंग चार्ज पर 15 प्रतिशत का डिस्काउंट दिया जाएगा।

### रविभवन व्यापारी संघ ने भी की छूट की घोषणा

रविभवन व्यापारी संघ अपने एसेसरीज उत्पादों में 10 प्रतिशत छूट देंगे एवं मोबाईल रिपेयरिंग के साथ मोबाईल गार्ड फ्री देंगे। साथ ही एफएमसीजी होलसेल डिस्ट्रीब्यूटर्स संघ( बंजारी मार्केट) ने कहा कि वे 15 प्रतिशत ऑन एमआरपी पर छूट देंगे। कैफे एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन द्वारा 10 प्रतिशत, राडा द्वारा कार के एसेसरीज द्वारा 10 प्रतिशत, ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन द्वारा 5 टन से अधिक क्षमता वाले माल वाहकों के फ्रेट पर 10 प्रतिशत का डिस्काउंट देंगे। कम्प्यूटर एसोसिएशन की तरफसे हर लैपटॉप पर आकर्षक गिफ्ट दिया जाएगा। एल्यूमीनियम एसोसिएशन के ग्राहकों को आकर्षण गिफ्ट मिलेगा। आईडीबीटी व्यापारी संघ (नया बस स्टैंड) द्वारा फूड आयटम पर 15 प्रतिशत की छूट, टॉय व्यापारी एसोसिएशन द्वारा एमआरपी पर 10 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। इसके साथ ही मार्बल टाईल्स एसोसिएशन, ड्राईफ्रुट एसोसिएशन, साईकिल एसोसिएशन, गोलबाजार व्यापारी संघ, बंजारी रोड व्यापारी संघ, कार एसेसरीज व्यापारी संघ द्वारा आकर्षण गिफ्ट मतदाताओं को दी जाएगी। यह छूट 7 मई से 12 मई तक रहेगी। श्री राम थोक मंडी द्वारा 3000 सब्जी पैकेट का वितरण किया जाएगा यह वितरण 8 मई से किया जायेगा।

### जानिए कहां - कहां मिल रहा है ऑफर

- मे-फेयर लेक रिसॉर्ट प्रबंधन के अनुसार कार्ट ऑर्डर पर मतदाताओं को 30 प्रतिशत की छूट प्राप्त होगी, 03 बुफे के आर्डर पर एक अतिरिक्त ऑर्डर फ्री की घोषणा की है। यह ऑफर मतदान तिथि 07 मई से 12 मई 2024 तक लागू होगी।
- बेबीलॉन इन एवं बेबीलॉन कैपिटल प्रबंधन द्वारा मतदाताओं को 7 से 12 मई 2024 तक रूम बुकिंग पर 30 प्रतिशत डिस्काउंट, मॉकटेल पर 25 प्रतिशत डिस्काउंट, फूड ऑर्डर पर 20 प्रतिशत, बुफे में 15 प्रतिशत डिस्काउंट ऑफर के साथ 03 बुफे पर एक बुफे फ्री किए जाने की घोषणा की है।
- गोल्फ एंड लेक रिसॉर्ट ने मतदाताओं के लिए फूड ऑर्डर 30 प्रतिशत और रूम टैरिफ पर 15 प्रतिशत छूट की घोषणा की गई है।

तेलीबांधा में संचालित स्प्री वॉक में अपने सभी फूड आउटलेट में 25 प्रतिशत की छूट की घोषणा की है, साथ ही तेलीबांधा घूमने के लिए उपलब्ध कराई जा रही एम्यूजमेंट राइड पर 30 प्रतिशत छूट की घोषणा की गई है।

- संजीवनी अस्पताल की ओपीडी में चिकित्सकीय परामर्श के लिए आने वाले मतदाताओं को ओपीडी जांच में निर्धारित अस्पताल दर पर 25 प्रतिशत छूट दी जाएगी। 8 मई से 12 मई तक ओपीडी परामर्श में 50 प्रतिशत की छूट मिलेगी।
- बालाजी हॉस्पिटल प्रबंधन द्वारा मतदाताओं के लिए 7 मई को ओपीडी शुल्क नि:शुल्क किया गया है। 08 मई से 12 मई तक ओपीडी परामर्श में 50 प्रतिशत की छूट होगी एवं मतदान तिथि से 12 मई तक ओपीडी जांच में 50 प्रतिशत की छूट के साथ ही बालाजी फैमली हेल्थ कार्ड मतदान तिथि को बनवाने वाले को 50 प्रतिशत की ओपीडी परामर्श और जांच में 50 प्रतिशत की छूट मिलेगी।
- ग्लोबल स्टार हॉस्पीटल मतदान तिथि को नि:शुल्क ओपीडी के साथ ही अस्पताल में की जाने वाली ओपीडी जांच में 25 प्रतिशत छूट तथा ओपीडी परामर्श में 50 प्रतिशत और जांच में 15 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। मतदान तिथि को अस्पताल में भर्ती मरीजों को बेड चार्ज नहीं देना होगा।
- श्री नारायणा एवं एमएमआई नारायणा हॉस्पीटल मतदान तिथि ओपीडी व रूम रेंट नि:शुल्क दिया जा रहा है। 07 से 12 मई तक ओपीडी चार्ज में 50 प्रतिशत की छूट दी जा रही है।
- रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल मतदान तिथि 07 से 12 मई तक मतदाता व उनके परिजनों के हेल्थ चेकअप पर 30 प्रतिशत की छूट, ओपीडी परामर्श पर 30 प्रतिशत की छूट मतदाताओं को मिलेगी।

श्री वेंकटेश हॉस्पीटल मतदान तिथि 07 मई को ओपीडी पर 30 प्रतिशत की छूट मतदाताओं को मिलेगी।

- ईसीएचटी कॉग्लोमरेट प्रबंधन द्वारा सभी एक्टिविटी पैकेज पर वोटर्स को फ्लैट 35 प्रतिशत छूट की घोषणा की गई है।
- पीवीआर में प्रदर्शित फिल्मों पर सभी मतदाताओं को शो टिकट पर 30 प्रतिशत की छूट मिलेगी।

### एसीबी की कार्रवाई: 25 लाख की रिश्वत के मामले में कलेक्टर निपटे, सरकार ने पद से हटाया

**जयपुर** (एजेंसी)। राजस्थान में दूदू जिले के कलेक्टर हनुमानमल ढाका को मुख्यमंत्री भजनलाल ने देर रात एपीओ कर दिया। ढाका के खिलाफ 25 लाख रुपए रिश्वत की डिमांड से जुड़े प्रकरण में एसीबी ने शनिवार को कार्रवाई की थी। इसके बाद देर रात कार्मिक विभाग ने उन्हें एपीओ किए जाने के आदेश जारी कर दिए।

# सीएम साय ने जनसभा को किया संबोधित, भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय के लिए मांगे वोट

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरिया।** छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के दो चरण संपन्न होने के तीसरे चरण के चुनाव के लिए राजनीतिक दलों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। चुनाव प्रचार के लिए बड़े नेताओं सहित स्टार प्रचारकों का दौरा जारी है। इसी तारतम्य में शनिवार को कोरबा संसदीय क्षेत्र के बैकुंठपुर विधानसभा अंतर्गत ग्राम पटना में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पहुंचे। जहां उन्होंने कोरबा सीट से भाजपा के प्रत्याशी सरोज पांडेय के पक्ष में चुनाव प्रचार कर आमसभा को संबोधित किया।

इस दौरान भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय, बैकुंठपुर विधायक भैयालाल राजवाड़े समेत स्थानीय भाजपा नेता मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने चुनावी सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि लोकसभा का यह चुनाव हम सभी के लिए महत्वपूर्ण चुनाव है। प्रदेश की तरह केंद्र में हमें डबल इंजन की सरकार बनाना है जिससे कि क्षेत्र में तेजी से विकास हो सके। केंद्र की भाजपा सरकार ने मोदी की के नेतृत्व में दस सालों में तेजी से विकास कार्य किए हैं। मोदी जी की गारंटी का मतलब ही देश व आमजनता का विकास है। मुख्यमंत्री ने भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय को अनुभवी नेता बताते हुए कहा कि उन्होंने



महापौर से विधायक, सांसद सहित भाजपा की राष्ट्रीय महिला मोर्चा अध्यक्ष का लम्बा सफर तय किया है।

उनके अनुभव का लाभ निश्चित ही क्षेत्र को मिलेगा।


सीएम साय ने भूपेश सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कांग्रेसियों को पांच साल राज करने का मौका मिला था। पांच सालों में कांग्रेसियों ने छत्तीसगढ़ को अपराध एवं भ्रष्टाचार का गढ़ बना दिया था। 2018 में विधानसभा चुनाव में कांग्रेस 36 वायदे किये थे। कांग्रेसियों ने लेकिन एक भी वादा पूरा नहीं किया। मुख्यमंत्री ने महादेव एप का जिक्र करते हुए कहा कि भूपेश सरकार ने प्रदेश में कोयला घोटाला, रेत घोटाला, शराब घोटाला,पीएससी घोटाला किया। वही मुख्यमंत्री ने महतारी वंदन योजना , धान खरीदी धान बोनस सहित अपने तीन महीने के सरकार की उपलब्धियां बताई।

### नगर पंचायत अध्यक्ष ने थामा बीजेपी का दामन

भारतीय जनता पार्टी के मूल सिद्धांत तथा केंद्र मे प्रधानमंत्री के द्वारा किये जा रहे नित नए नए कार्यो से प्रभावित हो एमसीबी जिला के नगर पंचायत झगड़ाखांड के अध्यक्ष रजनीश पाण्डेय ने कोरिया जिला के पटना मे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देवसाय की सभा मे भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। मुख्यमंत्री ने भाजपा का पट्टा पहनाकर उनका स्वागत किया।


### कोरबा लोकसभा प्रत्याशी सरोज पांडेय को चुनाव आयोग का नोटिस, पंडित धीरेन्द्र शास्त्री के कार्यक्रम से जुड़ा है मामला

चिरमिरी में आयोजित बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पंडित धीरेन्द्र शास्त्री का कार्यक्रम कोरबा लोकसभा क्षेत्र की भाजपा प्रत्याशी सरोज पाण्डेय के लिए परेशानी का कारण बन गया है। इस कार्यक्रम के जरिए आचार संहिता के उल्लंघन के लिए सहायक रिटर्निंग ऑफिसर ने नोटिस जारी किया है। चुनाव आयोग ने सोमवार तक सरोज पाण्डेय से जवाब मांगा है। मिली जानकारी के अनुसार चिरमिरी में आयोजित कथा के दौरान पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने आयोजकों में भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय और स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल का नाम लिया था। बताया



जा रहा है कि कथा स्थल पर भी भाजपा का प्रचार प्रसार हो रहा था। इसे लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने ईसी में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि पंडित धीरेन्द्र शास्त्री के कार्यकम में कोरबा लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी सरोज पाण्डेय का प्रचार प्रसार किया गया। इस मामले में चुनाव आयोग ने संज्ञान लिया और कोरबा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय को नोटिस जारी किया है। चुनाव आयोग ने अपने सोमवार तक नोटिस का जवाब नहीं देने पर धीरेंद्र शास्त्री के कार्यक्रम का खर्च प्रत्याशी पर जुड़ेगा और आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा।

### चुनाव ड्यूटी पर जा रहे सुरक्षा बलों की बस में ट्रक ने मारी टक्कर, दो की मौत छह घायल



**गोपालगंज ( एजेंसी )।** गोपालगंज से सुपौल जा रही सुरक्षा बलों की तीन बसें दुर्घटनाग्रस्त हो गईं। हादसे में एक बस के ड्राइवर और कांस्टेबल की मौत हो गयी। वहीं छह से ज्यादा जवान गंभीर रूप से जख्मी हो गए। मृतक जवान की पहचान पवन कुमार के रुप में हुई है। मृतक जवान बगहा का निवासी था। बस दुर्घटना जिले के सिधवलिया थाना क्षेत्र के बरहिमा मोड़ के पास एनएच-27 के पास की है। इधर, घटना की सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग की ओर से पांच एंबुलेंस और डॉक्टरों की टीम को मौके पर भेजा गया है। हादसे के बाद सदर अस्पताल को अलर्ट करते हुए घायलों का इलाज के लिए एंबुलेंस अस्पताल लाया जा रहा है।

## खान-पान को लेकर शायद अब जागें लोग

श्रीकंचनपथ




लोगों का खान-पान इस कदर बिगड़ चुका है कि अब चिकित्सकों को भी बीमारी की थाह नहीं मिलती। एक बीमारी होती है और सौ प्रकार के कुपोषण निकल आते हैं। किसी के शरीर में आयरन नहीं, तो कोई जिंक की कमी से जूझ रहा है। आधे से ज्यादा लोग भर-भर के नमक खा रहे हैं। इस बिगड़ी सेहत का पहली बार खुलासा हुआ था कोरोना काल में जब अच्छे-खासे खाते-पीते लोग टपाटप मर रहे थे। उधर गांव का गरीब कंधे पर बच्चा और सिर पर गृहस्थी उठाए हजार किलोमीटर का पैदाल सफर तय कर रहा था। कोरोना काल में एक काम और हुआ। सोशल मीडिया पर लोग खूब एक्टिव हुए। यहां तरह-तरह का ज्ञान मिलने लगा। फैशन से शुरू होकर बात कब पूजा-पाठ विधि और सेहत तक जा पहुंची किसी को भनक ही नहीं लगी। एक से बढ़कर एक टोटका पैदा किये जाने लगे। कोई सिर के बाल घने-लंबे-काले करने का नुस्खा देता तो कोई चमकदार चेहरे का राज बताता। कोई पेट की चर्बी कम करने का गुरूमंत्र देता तो कोई अंग्रेजी के शब्दों के घालमेल के साथ ऐसा ज्ञान झाड़ता कि लोग उनके मुरीद हो जाते। चिकित्सकों से लेकर बड़े-बुजुर्गों तक ने लोगों को समझाने की बहुत कोशिश की पर फैंसी हेल्थ प्रोडक्ट की तरफ लोगों का आकर्षण कम होने की बजाय बढ़ता चला गया। एक तरफ सोशल मीडिया इसके लिए माहौल बनाता और दूसरी तरफचतुर व्यापारी इससे मिलते-जुलते प्रॉडक्ट ले आते। 'घर का जोगी जोगड़ा, आन गांव का सिद्ध'। यह कोई मजाक में कही गई बात नहीं है। हमारी सोच ऐसी ही है कि हम स्वयं विदेश भले न जा पाएं पर फॉरेन रिटर्न ज्ञान की देश में बहुत पूछ है। विवेकानंद यदि शिकागो न जाते तो शायद उन्हें भी किसी ने स्वीकार न किया होता। महर्षि महेश योगी और ओशो रजनीश को भी पहले विश्व ने अपनाया। योग भारतीय जनजीवन का हिस्सा रहा है। पर जब से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की घोषणा हुई है, इसे भी पंख लग गए हैं। गांधी और नेहरू भी विदेश में रहकर आए थे। वे भारत को वैश्विक परिप्रेक्ष्य में देखते थे, इसलिए दोनों में घनिष्टता थी। बहरहाल, यहां बात हो रही थी फॉरेन रिटर्न ज्ञान की। सोशल मीडिया पर बिखरे मुफ्त ज्ञान को लेकर देसी जानकारों ने भी कई बार चेतावनी दी, समझाने बुझाने की कोशिश भी की पर उनकी आवाज 'नक्कारखाने में तूती' बनकर रह गई। पर शायद उनकी अड़ियल समझ में भी अब बात आ जाए क्योंकि अब फॉरेन में इसकी स्टडी हुई है। 'माई फिटनेस पाल' पोर्टल और डबलिन सिटी यूनिवर्सिटी द्वारा किये गए शोध के अनुसार 57 प्रतिशत लोग आज सोशल मीडिया पर दी गई जानकारी को सच मानते हैं। शोध में यह भी सामने आया है कि स्वास्थ्य समस्याओं से जुड़े 98 प्रतिशत वीडियो बकवास होते हैं। लोग इन्हें फॉलो कर रहे हैं और पहले से भी कहीं ज्यादा बीमार हो रहे हैं।



## संपादकीय

# हार के बाद जीतना जरूरी है भूपेश के लिए

राज्य में राजनांदगाव, कांकेर व महासमुंद तीनों लोकसभा सीटों में कांग्रेस के लिए व भूपेश बघेल के लिए राजनांदगांव सीट सबसे ज्यादा प्रतिष्ठा की सीट बन गई है। भाजपा की कोशिश है कि कांग्रेस और कोई सीट भले जीत जाए लेकिन राजनांदगाव की सीट जरूर हारनी चाहिए। क्योंकि भूपेश बघेल ही राज्य में कांग्रेस के सबसे बड़े नेता रहे हैं। भाजपा उनको राजनांदगांव में हरा देती है तो यह भाजपा की बड़ी जीत होगी क्योंकि यह भूपेश बघेल की दूसरी हार होगी।

> राजनीति में जैसे एक जीत के बाद दूसरी जीत का बड़ा महत्व होता है वैसे ही एक बजी हार के बाद जीत का भी बड़ा महत्व होता है। दूसरी जीत से जहां प्रतिष्ठा दोगुनी बढ़ जाती है वहीं हार के बाद जीत से कम हुई प्रतिष्ठा का भरपाई होती है।

विधानसभा चुनाव तो वह बुरी तरह हार चुके हैं, इससे उनकी चुनाव जिताऊ नेता की छवि पर सवालिया निशान लग गया है। राज्य में 18 का विधानसभा चुनाव जीतने के बाद, राज्य में हुए सारे उपचुनाव व अन्य चुनाव भी भूपेश बघेल के नेतृत्व में जीता गया था,वह अपाराजेय नेता समझे जा रहे थे। उनकी छबि अपराजेय नेता की थी। मोदी, शाह व साय ने उनकों जिस तरह विधानसभा चुनाव में हराया,वह भूपेश बघेल कभी भूल नहीं सकते।

इससे उनका प्रदेश में ही नहीं दिल्ली में भी राजनीतिक महत्व कम हो गया। भूपेश बघेल ने कोशिश की थी कि वह चुनाव लड़ने की जगह चुनाव प्रचास कर कुछ प्रत्याशियों को जिताकर अपने राजनीतिक महत्व को बनाए रखें। आलाकमान ने राजनांदगाव से चुनाव लड़ने को कहकर उनकी उम्मीद पर पानी फेर दिया। इससे फिर एक बार उनकी राजनीतिक प्रतिष्ठा दांव पर लग गई है। राज्य की राजनीति मं अपना महत्व बनाए रखने के लिए भूपेश बघेल के लिए राजनांदगाव का चुनाव अग्निपरीक्षा है। वह जीत जाते हैं तो उनका राजनीतिक महत्व बना रहेगा। माना जाएगा कि वह राज्य के प्रभावी नेता हैं। वह कहीं से भी चुनाव जीत कर पार्टी की सीट संख्या बढ़ा सकते हैं। अगर हार गए तो उनकी राजनीतिक प्रतिष्ठा खत्म हो जाएगी। काहे के बड़े कांग्रेस नेता न तो विधानसभा चुनाव जिता पाए और न ही एक लोकसभा सीट जीत सके।

इससे कांग्रेस को तो राज्य में बड़ा नुकसान होगा ही क्योंकि उसके पास फिर ऐसा कोई नेता नहीं होगा जो पार्टी को एकजुट कर भाजपा का मुकाबला कर सके। भूपेश बघेल राजनांदगाव हारते हैं तो भाजपा को यह फायदा होगा कि कांग्रेस का एक आक्रामक नेता की चुनौती खत्म हो जाएगी। इससे सीएम साय को चुनौती देने वाला कोई कांग्रेसी नेता नहीं बचेगा और वह पांच साल बिना मजबूत विपक्ष के सरकार चला सकेंगे।

यही वजह है कि सीएम साय भूपेश बघेल के खिलाफ आक्रामक हैं। वह कहते हैं राजनांदगाव की जनता से भूपेश बघेल को ऐसा हराओं कि वह राजनांदगाव की तरफ देखना भूल जाए, सीएम साय भूपेश बघेल को खिलाफ लागातर आक्रामक बने हुए है। हाल ही में उन्होंने कहा है कि कांग्रेस ने राजनांदगांव की सीट से दागदार भूपेश बघेल को उतार भाजपा की जीत आसान कर दी है।

जितन भाजाप नेता आ रहे हैं कि राज्य की जनता को भूपेश बघेल के समय के भ्रष्टाचार की याद दिलाकर जा रहे है कि राज्य में इससे ज्यादा भ्रष्टाचार करने वाली सरकार नहीं हुई है। सीएम साय पूरी कोशिश कर रहे हैं कि कांग्रेस को कोई और प्रत्याशी भले जीत जाए लेकिन भूपेश बघेल नहीं जीतना चाहिए। वह जानते हैं कि भूपेश बघेल की जीत का मतलब है कि एक आक्रामक नेता की जीत। इससे उनका राज्य की राजनीति में महत्व बना रहेगा। वह साय सरकार के लिए चुनौती बने रहेंगे। सीएम साय भूपेश बघेल को जरूर हराना चाहते हैं ताकि उनको राज्य में चुनौती देने वाला कोई मजबूत नेता न रहे।वह भी रमन सिंह की तरह लंबी पारी खेल सकें।

# पीएम मोदी कांग्रेस को एक्सपोज कर रहे

सुनील दास

राजनीति में सबसे बड़ा काम तो खुद को,अपनी पार्टी को, उसके काम को दूसरों से बेहतर बताने का होता है। निरंतर यह बताना होता है कि हम दूसरे दलों से कैसे बेहतर हैं। हमारा नेता कैसे बेहतर है, हमारा काम कैसे बेहतर हैं। हमने दस साल सत्ता में रहते क्या किया है और सत्ता में फिर से आए तो आने वाले समय में क्या करने वाले हैं। पीएम मोदी व भाजपा ने योजना बनाकर लोकसभा चुनाव में काम किया है। पहले चरण के चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा व पीएम मोदी ने देश की जनता को बताया कि उन्होंने दस साल में क्या क्या किया। जनता फिर से सत्ता सौंपती है तो वह अगले 25 साल क्या करने वाले हैं।

सत्ता में रहते जिसने कुछ काम किया होता है वही बता सकता है कि उसने दस साल में क्या किया है,जिसके पास विजन हो वही बता सकता है कि अगले 25 साल देश के लिए क्या क्या करना है। भाजपा व मोदी ने काम किया है इसलिए जनता के बीच जाकर बता रहे है कि उन्होंने क्या किया.भाजपा व मोदी के पास विजन है, इसलिए वह देश को बता पा रहे हैं कि वह अगले 25 साल देश के लिए क्या करने वाले हैं। पहले चरण में भाजपा व मोदी ने यह बताया कि उन्होंने क्या किया है और क्या करने वाले हैं। दूसरे चरण में पीएम मोदी व भाजपा बता रहे हैं कि कांग्रेस सत्ता में आई तो वह क्या करने वाली है। इसलिए पहले चरण के चुनाव प्रचार से दूसरे चरण का चुनाव प्रचार कांग्रेस को बहुत ही ज्यादा बुरा लगा है। पीएम मोदी व भाजपा नेताओं ने पिछले कई दिन तक कांग्रेस को ही एक्सपोज किया है। पीएम मोदी ने शुरुआत की उसके बाद भाजना नेताओं ने उसी बात को लेकर पूरे देश में माहौल बना दिया। पीएम मोदी को मौका सबसे पहले राहुल गाधी ने दिया कि यह कहकर वह आर्थिक सर्वे कराने वाले है,किसके पास कितना धन है, इसका पता लगाया जाएगा, उसके पार धन का वितरण किया जाएगा। राहुल गांधी जो छिपा रहे थे, उसे पीएम मोदी देश की जनता को उसी की भाषा समझा दिया कि कांग्रेस सत्ता में आई तो क्या करने वाली है।

इसके बाद सैम पित्रोदा ने जो कुछ कहा उसे भी मोदी ने देश की जनता को बता दिया कि इसका क्या मतलब है। राहुल गांधी,सैम पित्रोदा ने मौका दिया तो पीएम मोदी ने दूसरे चरण के दौरान कांग्रेस को एक्सपोज कर दिया कि वह किस तरह जनता से उसकी संपत्ति छीन लेना चाहती है, विरासत में मिली संपत्ति छीन लेना चाहती है. यह भी बताया कि क्यो छीन लेना चाहती है और किसके लिए छीन लेना चाहती है। पीएम मोदी ने यह भी देश को बताया कि गांधी परिवार कैसे खुद को कानून से परे समझता है।उन्होंने बताया कि जब इंदिरा गांधी की संपत्ति उनके पोतों को देने की बात सा्मने आई तो पता चला कि देश में विरासत टैक्स का कानून है, इस कानून के कारण गांधी परिवार की संपत्ति का बड़ा हिस्सा टैक्स के रूप में सरकार के पास चला जाएगा तो राजीव गांधी सरकार ने उस टैक्स को ही समाप्त कर दिया गया। इस टैक्स के हटने के बाद गांधी परिवार को इंदिरा गांधी से मिली संपत्ति पर कोई कर नहीं देना पड़ा। इस उदाहरण के जरिए पीएम मोदी ने बताया कि कांग्रेस के लिए गांधी परिवार सबसे ऊपर है,, उसे किसी कानून से दिक्कत हो तो वह बदला जा सकता है लेकिन उसी कानून से जनता की संपत्ति लेना हो तो यह जरूरी होता है,उसे क्रांतिकारी कहा जाता है।पीएम मोदी अब तीसरे चरण के चुनाव में क्या करने वाले हैं। इसका इंतजार सबको है।

## नजरिया

“देश की मौजूदा पीढ़ी को शायद इस बात का अंदाजा भी नहीं होगा कि भारत की आजादी के बाद की ऊबड-खाबड़ यात्रा में देश ने ऐसे-ऐसे हिचकोले खाए कि लगने लगा था कि लोकतंत्र पटरी से उतर कर अराजकता में बदल जाएगा।

# टीएन शेषन ने बदली थी भारत के अराजक चुनावों की तस्वीर

योगेंद्र योगी

इसी यात्रा में सबसे बड़ी चुनौती थी, देश के निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराना। आज जिस तरह शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव सम्पन्न कराए जा रहे हैं। करीब साढ़े तीन दशक पहले इसकी कल्पना तक नहीं की जा सकती थी। उस दौर में ऐसा कोई भी चुनाव नहीं रहा जो खून-खराबे से भरा नहीं रहा हो। देश में बैलट पर बुलट भारी था। बंदूक की नोक पर वोटों की पेटियों को लूटना आम बात थी। भारत की चुनावी प्रक्रिया में हर तरह की बुराई थी।

ऐसे में देश को एक ऐसा मुख्य चुनाव आयुक्त मिलता है, जो पूरी चुनाव व्यवस्था को बदलकर रख देता है। बड़े-बड़े दिग्गज नेताओं को नकेल कस देता है। उस मुख्य चुनाव आयुक्त का नाम है टीएन शेषन। आज अगर देश में निष्पक्ष और स्वतंत्र माहौल में चुनाव हो पाता है तो इसका श्रेय टीएन शेषन को जाता है। देश के दबंग चुनाव आयुक्त के तौर पर अपनी पहचान बनाने वाले टीएन शेषन नौकरशाही में भी सुधार के जनक थे। ईमानदारी और कानून के प्रति अपनी निष्ठा की वजह से वह बहुतों को खटकते भी थे। इस वजह से उनके विरोधी उनको सनकी और तानाशाह तक भी कहते थे। लेकिन वह व्यवस्था में क्रांति लाने वाले इंसान, मेहनती, सक्षम प्रशासक, योग्य नौकरशाह, बुद्धीजीवियों और मध्य वर्ग के नायक थे।

पलक्कड़ (केरल) के निवासी टीएन शेषन ने 1955 में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) में ट्रेनी के तौर पर अपने कॅरियर की शुरुआत की। शेषन ने अपनी पहली तैनाती में ही तीखे तेवर दिखाते हुए तमिलनाडु के मदुरई जिले के डिंडीगुल में सब कलेक्टर पद पर रहते हुए हरिजन समुदाय के एक व्यक्ति पर फंड के घपले का आरोप में गिरफ्तार करवा दिया। मंत्री के दवाब के बाद भी आरोपी को नहीं छोड़ा।

चेन्नई में यातायात आयुक्त पद के दौरान एक बार एक ड्राइवर ने शेषन से पूछा कि अगर आप बस के इंजन को नहीं समझते और ये नहीं जानते कि बस को ड्राइव कैसे किया जाता है, तो आप ड्राइवरों की समस्याओं को कैसे समझ पाएंगे। शेषन ने इसको एक चुनौती के रूप में स्वीकार किया। उन्होंने न सिर्फ़ बस की ड्राइविंग सीखी बल्कि बस वर्कशॉप में भी काफ़ी समय बिताया। एक बार उन्होंने बीच सड़क पर ड्राइवर को रोक कर स्टेयरिंग संभाल लिया और यात्रियों से भरी बस को 80 किलोमीटर तक चलाया। शेषन का तमिलनाडु के मुख्यमंत्री से काफी झगड़ा हो गया, जिसके बाद वे प्रतिनियुक्ति पर दिल्ली आ गए और तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग के एक सदस्य के तौर पर उनकी नियुक्ति हुई। तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी के आग्रह पर पर्यावरण एवं वन मंत्रालय के सचिव बन गए। सचिव के तौर पर उन्होंने टिहरी बांध और सरदार सरोवर बांध जैसी परियोजनाओं का विरोध किया। भले ही सरकार ने उनको विरोध को दरकिनार कर दिया और परियोजना पर काम को आगे बढ़ाया लेकिन बांध के पर्यावरण पर पडने् वाले प्रभाव को नजरअंदाज नहीं किया गया।

इसके साथ ही शेषन ने विभागों में नहीं कहने का रुझान शुरू किया। इस दौरान राजीव गांधी से उनकी नजदीकी बढ़ी। वहां से उनको आंतरिक सुरक्षा का सचिव बनाया गया। करीब 10 महीनों बाद उनको कैबिनेट सचिव बनाया गया। जब राजीव गांधी दिसंबर 1989 में चुनाव हार गए और प्रधानमंत्री नहीं रहे तो टीएन शेषन का ट्रांसफर योजना आयोग में कर दिया गया। शेषन के मुख्य चुनाव आयुक्त बनने की दास्तां भी कम दिलचस्प नहीं है। दिसंबर 1990 केंद्रीय वाणिज्य मंत्री और शेषन के दोस्त सुब्रमण्यम स्वामी ने प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के दूत के तौर शेषन पर मुख्य चुनाव आयुक्त के पद की पेशकश की। शेषन इस प्रस्ताव से बहुत अधिक उत्साहित नहीं हुए थे, क्योंकि पहले ही कैबिनेट सचिव विनोद पांडे ने भी उन्हें ये प्रस्ताव दिया था। शेषन इस प्रस्ताव पर राजीव गांधी से मिले। राजीव गांधी ने शेषन को मुख्य चुनाव आयुक्त का पद स्वीकार करने के लिए अपनी सहमति दे दी। लेकिन वो इससे बहुत खुश नहीं थे। उन्होंने उन्हें छेड़ते हुए कहा कि वो दाढ़ी वाला शख़्स (चंद्रशेखर) उस दिन को कोसेगा, जिस दिन उसने तुम्हें मुख्य चुनाव आयुक्त बनाने का फ़ैसला किया था। पंडित जवाहर लाल नेहरू ने साठ के दशक में तमिलनाडु में शेख़ को नजरबंद करवा दिया था। शेषन उस समय मदुरै जिले के कलेक्टर थे। उनको जिम्मेदारी दी गई थी कि वो शेख़ द्वारा बाहर भेजे गए हर पत्र को पढ़ें। शेख ने डॉक्टर एस राधाकृष्णन प्रेसिडेंट ऑफ़ इंडिया के नाम पत्र लिखा। शेषन ने बिना डरे पत्र पढ़ लिया। शेख़ ने घोषणा की कि वो उनके साथ किए जा रहे ख़राब व्यवहार के विरोध में आमरण अनशन पर जाएंगे। शेषन ने कहा कि सर ये मेरा कर्तव्य है कि मैं आपकी हर ज़रूरत का ख्याल रखूं, मैं ये सुनिश्चित करूंगा कि कोई आपके सामने पानी का एक गिलास भी ले कर न आए। शहरी विकास मंत्रालय के संयुक्त सचिव के धर्मराजन त्रिपुरा में हो रहे चुनावों का पर्यवेक्षक का कार्य छोड़ कर थाइलैंड चले गए। इस पर दंडित करते हुए शेषन ने उनकी गोपनीय रिपोर्ट में विपरीत प्रवष्टि करने का फ़ैसला किया। शेषन ने वर्ष 1993 में 17 पेज का आदेश जारी किया कि जब तक सरकार चुनाव आयोग की शक्तियों को मान्यता नही देती, तब तक देश में कोई भी चुनाव नहीं कराया जाएगा। आखिरकार सरकार को उनके सामने झुकना पड़ा। मौजूदा आदर्श आचार संहिता उसी आदेश का परिणाम है। शेषन के आने से पहले मुख्य चुनाव आयुक्त एक आज्ञाकारी नौकरशाह होता था जो वही करता था जो उस समय की सरकार चाहती थी। ये शेषन का ही बूता था कि उन्होंने चुनाव में पहचान पत्र का इस्तेमाल आवश्यक कर दिया।

शेषन ने साफ कह दिया कि अगर मतदाता पहचान पत्र नहीं बनाए गए तो 1 जनवरी 1995 के बाद भारत में कोई चुनाव नहीं कराए जाएंगे। शेषन के दौर में ही हिमाचल प्रदेश में चुनाव के दिन पंजाब के मंत्रियों के 18 बंदूकधारियों को राज्य की सीमा पार करते हुए धर दबोचा गया। उत्तर प्रदेश और बिहार सीमा पर तैनात नागालैंड पुलिस ने बिहार के विधायक पप्पू यादव को सीमा नहीं पार करने दी। हिमाचल प्रदेश के तत्कालीन राज्यपाल गुलशेर अहमद को चुनाव आयोग द्वारा सतना का चुनाव स्थगित करने के बाद उन्हें अपने पद से इस्तीफ़ा देना पड़ा। गुलशेर अहमद पर आरोप था कि उन्होंने राज्यपाल पद पर रहते हुए अपने पुत्र के पक्ष में सतना चुनाव क्षेत्र में चुनाव प्रचार किया था। उसी तरह राजस्थान के तत्कालीन राज्यपाल बलिराम भगत को भी शेषन का कोपभाजन बनना पड़ा था, जब उन्होंने एक बिहारी अफ़सर को पुलिस का महानिदेशक बनाने की कोशिश की। शेषन ने बिहार में पहली बार चार चरणों में चुनाव करवाया और चारों बार चुनाव की तारीखें बदली गईं। ये बिहार के इतिहास का सबसे लंबा चुनाव था। शेषन ने आचार संहिता के उल्लंघन पर पश्चिम बंगाल की राज्यसभा सीट पर चुनाव नहीं होने दिया, जिसकी वजह से केंद्रीय मंत्री प्रणब मुखर्जी को अपने पद से इस्तीफ़ा देना पड़ा। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ज्योति बसु इतने नाराज़ हुए कि उन्होंने उन्हें पागल कुत्ता कह डाला। साल 1992 के शुरू से ही शेषन ने सरकारी अफ़सरों को उनकी ग़लतियों के लिए लताडऩा शुरू कर दिया था। उसमें केंद्र के सचिव और राज्यों के मुख्य सचिव भी शामिल थे। बीते दशकों में टीएन शेषन से ज़्यादा नाम शायद ही किसी नौकरशाह ने कमाया हो। वर्ष 1990 के दशक में तो भारत में एक मज़ाक प्रचलित था कि भारतीय राजनेता सिर्फ़ दो चीज़ों से डरते हैं। एक ख़ुदा और दूसरे टीएन शेषन से।उमेश चतुर्वेदी

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

# बच्चों के अच्छे भविष्य का निर्माण

हेमेन्द्र क्षीरसागर, पत्रकार, लेखक व स्तंभकार

हर माता-पिता सोचते हैं कि उनके बच्चे का भविष्य अच्छा हो, लेकिन इस बात पर ध्यान नहीं देते कि जब अच्छे चरित्र का निर्माण करेंगे, तो ही अच्छे भविष्य का निर्माण हो पाएगा। स्वाभाविक है कि अच्छे चरित्र के निर्माण की शुरुआत माता-पिता से होती है। माता-पिता बचपन से ही कोशिश कर रहे होते हैं कि बच्चों को अच्छा सिखाएं। लेकिन इस बात पर ध्यान नही देते हैं कि बच्चे वह नहीं सीखते जो आप कहते हैं वे वही सीखते हैं जो आप करते हैं। अधिकांश माता-पिता के लिए पालन-पोषण का अर्थ केवल बच्चों के भोजन, कपड़े और दैनिक जरूरतों की पूर्ति करना है। और इस तरह से माता-पिता अपने दायित्व से मुक्त हो जाते हैं। लेकिन क्या माता-पिता अपने बच्चों को अच्छी आदतें या संस्कार दे पाते हैं जिससे कि उनके अच्छे चरित्र का निर्माण हो सके, ताकि वे भविष्य में एक बेहतर जीवन जी सकें। जिससे कि उन्हें जीवन जीने में कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।

हर पीढ़ी के बच्चों में बदलाव आता है और ऐसे में यदि आप अपने बच्चे के प्रति सचेत नहीं हैं तो आप नई पीढ़ी के भविष्य निर्माण से चूक जाएंगे जो कि भविष्य में एक माता-पिता होने के नाते आपके लिए पीड़ा दायक हो सकता है। इसलिए आपको आज से ही सोचना होगा कि ऐसा क्या करना चाहिए. जिससे कि भविष्य में आपको खुशी मिले। जब तक आप माता-पिता नहीं थे तो आपकी कोई जिम्मेदारी नहीं थी।



लेकिन माता-पिता बनने के बाद आप पर रचनात्मक जिम्मेदारी आ गई है। एक पूरा जीवन बनेगा या बिगड़ेगा यह आप पर निर्भर करता है। माता-पिता बनने के बाद आप जो कुछ भी करते हैं उसका प्रभाव बच्चे के भविष्य पर अवश्य पड़ता है। मानव जीवन में चरित्र का विशेष महत्व है और चरित्र ज्ञानवान होने से बनता है, यदि मनुष्य में ज्ञान नहीं है तो चरित्र का कोई अर्थ नहीं है। हम अपने घर, परिवार, समाज, देश और विदेश में व्यापार और नौकरी करते हैं, इन सब में ज्ञान और अच्छे चरित्र का होना एक श्रेष्ठ और सफल व्यक्ति की पहचान है। जैसा कि हम जानते हैं कि चरित्र कोई ऐसी चीज नहीं है जिसे हम कहीं से खरीद कर प्राप्त कर सकें। लेकिन सकारात्मक सोच ही हमें ऊंचाई के शिखर पर ले जाती है साथ ही अच्छे चरित्र का निर्माण भी करती है। हमारे मन में दो प्रकार के विचार होते हैं, एक अच्छे विचार और दूसरे बुरे विचार लेकिन अगर हम अपने आप में यह निश्चय कर लें कि हम कभी भी नकारात्मक विचारों को अपने मन पर हावी नहीं होने देंगे और हर काम अच्छा ही करेंगे तो यही एक अच्छा चरित्र है। किसी व्यक्ति के अच्छे चरित्र के निर्माण में सबसे बड़ी भूमिका उसके घर के वातावरण की होती है। क्योंकि बच्चों को स्कूल में किताबी ज्ञान मिलता है, बच्चों में अच्छे संस्कार रखने का श्रेय उनके माता-पिता को जाता है कि उन्होंने अपने बच्चों को कैसी तालीम दी है। बच्चे बाल्यावस्था के बाद किशोरावस्था को प्राप्त करते हैं, फिर विवाह होता है और घर की जिम्मेदारी भी बढ़ जाती है। परिवार चलाना और जीवन की सारी गतिविधियां पैसे पर आधारित होती हैं, इसलिए पैसा कमाना भी बहुत जरूरी है। लेकिन एक सफल जीवन जीने के लिए पैसा कमाना ही एकमात्र उद्देश्य नहीं होना चाहिए, जीवन को सफल और आदर्श परिवार बनाने के लिए और अधिक दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है। अक्सर देखा गया है कि अन्य बातों को छोड़कर लोगों का एक ही सपना होता है कि बहुत सारा पैसा कैसे कमाया जाए।

यदि हम इस प्रकार की सोच रखते हैं तो परिवार और बच्चे ठीक से जीवन जीने की कलाओं से वंचित रह जाते हैं। जिसका परिणाम बच्चों के साथ-साथ माता-पिता के लिए भी बहुत बुरा होता है। पैसा कमाने के साथ-साथ यदि हम सोचते हैं कि हमारा परिवार और बच्चे आदर्श हों तो हमें इन सब बातों पर ध्यान देना होगा। उन्हें आचरण में लाना होगा। तभी हम कल्पना कर सकते हैं कि हमारे बच्चे आदर्श और संस्कारी होंगे। हम जैसा बीज बोयेंगे, जैसा व्यवहार करेंगे, जैसा वातावरण देंगे, हमें वैसा ही फल भी मिलेगा।

# ...अभी तो शोहरत नई-नई है

प्रतीक खरे

**छतरपुर।** बुन्देलखंड के छोटे से गांव गढ़ा में जन्म लेकर देश विदेश में शोहरत का डंका पीट कर करोड़ों लोगों की आस्था का केन्द्र बने वागेश्वर महारज की छवि उनके ही परिवार के लोग धूमिल करने में कोई कमी नहीं छोड़ रहै है, हालांकि शास्त्री जी ने अब तक कोई भी ऐसा काम नहीं किया जिसे अमार्यादित कहा जा सके, पर सगे भाई की करतूतों के कारण उनका नाम जबर्दस्ती विवादों में घसिट जाता है।

साल भर पहले जब शालिग राम ने दलित के घर जा कर कट्टा लहराया और गालियां बकी थीं तब लोग उस घटना को नादानी में हुई घटना समझ कर भूल गये थे, लेकिन शुक्रवार को टोल प्लाजा पर शालिग राम गर्ग ने नादानी नहीं गुण्डई की है, और वह भी महाराज जी के नाम की धौंस दिखा कर उसे हल्के में नहीं लिया जा सकता, इसमें तो आदतन गुण्डागर्दी की झलक दिखाई देती है, जिस जिस ने इस घटना को सुना बो सब यही कह रहे हैं कि साधू जी मान जाओ भाई की तपस्या को धूमिल ना करो। कहावत है कि आंख हमेशा घर के कुरवा से ही फूटती है सो बागेश्वर महाराज के साथ भी यही हो रहा है। नागपुर में जादू टोना समिति का मुखिया महराज का बाल भी बांका नहीं कर पाया और इधर घर का कुरवा महाराज के नाम को दोबारा चोटिल कर गया। देश की ख्याति प्राप्त शायरा शवीना की एक गजल सालों पहले खूब लोकप्रिय हुई थी जिसमें कहा गया था अभी से उड़ने लगे हवा में अभी तो शोहरत नई-नई है, महाराज के भाई भी महाराज की शोहरत को पचा नहीं पा रहे है और हवा मै उड़ रहे है, उनके प्रत्येक आचरण में भाई की शोहरत का घमंड सिर चढ़ कर बोलता हुआ नजर आ रहा है। जबकि महारज जैसे जैसे ख्याति बढ़ रही वे वैसे वैसे विनम्र होते जा रहे है।

# विश्व शतरंज में भारत की बढ़ती धमक


मनोज चतुर्वेदी

विश्व शतरंज में आजकल सबसे चर्चित नाम डी गुकेश का है और वह अपना सपना साकार करने से मात्र एक जीत दूर हैं। वह सबसे कम उम्र (17 साल) में कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतने में सफल हो गये हैं। इस गौरव को पाने वाले आनंद के बाद वह दूसरे भारतीय हैं। गुकेश ने रूसी खिलाड़ी गैरी कास्परोव के रिकॉर्ड को तोड़ा है, जिन्होंने 40 वर्ष पूर्व सबसे कम उम्र में यह उपलब्धि प्राप्त की थी। कास्परोव ने 1984 में 22 वर्ष की उम्र में यह खिताब जीतकर रिकॉर्ड बनाया था।

गुकेश के साथ उनके शुरुआती दौर से कोच के तौर पर जुड़े रहे विष्णु प्रसन्ना बताते हैं कि वह जब 2017 में 11 वर्ष की उम्र में आये थे, तब उच्चस्तरीय शतरंज के गुर सीख रहे थे। पर उस समय भी उनके दिमाग में एक बात साफथी कि उन्हें सबसे कम उम्र का विश्व चैंपियन बनना है। वह अपने इस सपने को पूरा करने के कगार पर पहुंच गये हैं। उन्हें वर्ष के आखिर में विश्व चैंपियन डिंग लिरेन से मुकाबला करना है। इसे जीत कर ही वह अपना सपना साकार कर सकते हैं।

कई बार झटके लोगों को उबारने में सहायक होते हैं। टोरंटो में इस टूर्नामेंट के दौरान सातवें राउंड में अलिरेजा के हाथों बाजी हारने ने ही उन्हें खिताब जीतने के लिए मजबूत बनाया। उनकी मां पद्मा बताती हैं कि इस बाजी के हारने के बाद गुकेश थोड़ा हताश था। पर मुझसे 10-15 मिनट बात करने के बाद फिर से सारा ध्यान शतरंज पर केंद्रित करने में सफल हो गया। वह कहती हैं कि मैंने उससे कहा कि खेल अभी खत्म नहीं हुआ है और अभी सात राउंड बाकी है, उनमें अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास करो। गुकेश अपने प्रदर्शन से पांच बार विश्व चैंपियन रहे कार्लसन को गलत साबित करने में सफल रहे। भारत को आनंद के बाद दूसरा चैलेंजर निकालने में 30 वर्ष का समय लगा है।

विश्वनाथन आनंद विश्व चैंपियनशिप कैंडिडेट्स साइकिल में 1991 में सफल हुए थे और उन्हें कैंडिडेट्स खिताब जीतने में चार वर्ष लग गये थे। पर गुकेश अपने पहले ही प्रयास में खिताब जीतने में सफल हो गये हैं। यह भी सच है कि अपने पदचिह्नों पर चलने वाले इस खिलाड़ी को आनंद की भरपूर मदद मिली है। गुकेश सही समय पर वेस्टब्रिज आनंद शतरंज



अकादमी में स्थान बनाने में सफल हुए। अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भाग लेने के दौरान यहीं उन्हें उनके साथ यात्रा करने वाले कोच ग्रजगोर्ज गजेवस्की (पोलैंड) मिले। पर बचपन के कोच प्रसन्ना की सलाह कि 'अभ्यास करते समय शतरंज इंजन की मदद लेने की जगह स्वयं गणनाएं करने की आदत डालो', ने ही उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाने में मदद की है।

गुकेश की सफलता देश में शतरंज के बदले माहौल का प्रतीक है। मुझे याद है कि भारत ने 2020 में रूस के साथ संयुक्त रूप से शतरंज ओलंपियाड का गोल्ड जीता था। पर इस सफलता पर देश में फीकी प्रतिक्रिया मिली थी, तब आनंद ने कहा था कि 1983 में भारत के आईसीसी विश्व कप जीतने पर जिस तरह की दीवानगी देश में बनी थी, उस तरह की दीवानगी बने बिना विश्व चैंपियन निकलना मुश्किल है। देश में शतरंज में क्रिकेट जैसी दीवानगी भले ही नहीं बनी है, पर कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में गुकेश सहित तीन खिलाड़ियों का भाग लेना भारतीय दबदबा को जताता जरूर है। भारत के इस मुकाम तक पहुंचने का सफर आसान नहीं है।

यह भी कि देश में शतरंज जमाने से खेली जा रही है, पर इसे सही दिशा आनंद के 1988 में ग्रैंडमास्टर बनने के बाद ही मिली। यह वह दौर था, जब ग्रैंडमास्टर बनना बेहद कठिन था। यही वजह है कि अगले 10 से 12 वर्षों में हम केवल पांच और ग्रैंडमास्टर ही निकाल सके। पर 2000 के बाद ग्रैंडमास्टर बनने की गति में तेजी आयी और इसके साथ ही ग्रैंडमास्टर बनने की राह भी आसान होती चली गयी। वास्तव में, ग्रैंडमास्टर नॉर्म पाने के लिए टूर्नामेंट ग्रैंडमास्टर्स का खेलना जरूरी होता है। पर देश में ग्रैंडमास्टर्स की संख्या बढ़ने पर घरेलू टूर्नामेंटों की रेटिंग बेहतर होने से घर में ही ग्रैंडमास्टर निकलने लगे। पहले जीएम नॉर्म पाने के लिए भारतीय खिलाड़ियों को विदेश जाना पड़ता था, जो बहुत खर्चीला था। इसलिए कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी आर्थिक तंगी के कारण खिलने से पहले ही मुरझा जाते थे।

परंतु अब सही मायनों में देश में शतरंज क्रांति हो गयी है और पिछले चार वर्षों में देश को करीब 25 ग्रैंडमास्टर मिले हैं और यह संख्या अब 84 पहुंच गयी है।

गुकेश के कैंडिडेट्स खिताब जीतने पर गैरी कास्परोव ने कहा कि टोरंटो में भारतीय भूचाल शतरंज की दुनिया में बदलाव का संकेत है। उन्होंने इसमें आनंद के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि आनंद के बच्चे छाये हुए हैं। पर सही मायनों में गुकेश के विश्व चैंपियन बनने पर ही भारतीय शतरंज को नयी दिशा मिल सकती है।

पहली बार कैंडिडेट्स खिताब जीतने वालों में केवल कार्लसन ही ऐसे खिलाड़ी हैं, जो इस तरह 2013 में विश्व चैंपियन बन सके थे। इसके बाद 2020-21 तक वह इस खिताब पर कब्जा बनाये रखने में सफल रहे। चीनी ग्रैंडमास्टर डिंग लिरेन 2022 में नये विश्व चैंपियन बने। गुकेश के भाग्य का ताला अब डिंग लिरेन के मुकाबले से ही खुलना है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

रमन (प्रा.) आई.टी.आई.
Recognised by: NCVT & DGT NEW DELHI, GOVT. OF INDIA
COPA
कोपा
STENOGRAPHER (Hindi)
स्टेनोग्राफर (हिन्दी)

योग्यता 10वीं उत्तीर्ण
(एक वर्षीय पाठ्यक्रम) - प्रवेश प्रारंभ
प्रवेश लेने पर फीस में विशेष छूट
एवं फीस मासिक किस्तों में
शासन द्वारा प्रदत्त छात्रवृत्ति योजना
Raman I.T.I. : बाबा दीप सिंह नगर (वैशालीनगर), भिलाई, जिला-दुर्ग, छ.ग.
Call : 0788-4033571, 7389471941, 0788-4903573 4903572, 7773027492

श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### बरमकेला में नववधुओं का किया गया मतदाता सम्मान



**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रभारी अधिकारी बृजेंद्र सिंह ठाकुर के नेतृत्व में नववधुओ को कुमकुम से मतदाता सम्मान किया गया। नववधुओ का ससुराल के मतदाता सूची में नाम जोड़कर यह सम्मान किया गया है। इस दौरान मेहंदी और रंगोली आदि का कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर सामूहिक मतदाता शपथ दिलाया कि हम, भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगें। इसके साथ साथ सभी ने सारंगढ़ बिलाईगढ़, सब्बो जाबो वोट दे हे बर का नारा लगाया। इस अवसर पर बीएलओ, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी कर्मचारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका आदि उपस्थित थे।

### स्ट्रांग रूम किया गया सील, स्ट्रांग रूम की कड़ी सुरक्षा के लिए सुरक्षा बल तैनात

**धमतरी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जिले में मतदान सम्पन्न हुआ। मतदान के पश्चात सभी मशीनों को आने के बाद महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक रामप्रभु उदाई, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी और राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में पॉलिटेक्निक कालेज रुद्री में स्ट्रांग रूम को सील किया गया। स्ट्रांग रूम की कड़ी सुरक्षा के लिए सुरक्षा बल तैनात हैं। प्रशासन द्वारा स्ट्रांग रूम को सीसीटीवी की निगरानी में रखा गया है। जिसके लिए मॉनिटरिंग कक्ष बनाया गया है। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री रोमा श्रीवास्तव, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी जी आर मरकाम सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बता दें कि मतगणना 4 जून को होगी।

### स्काउट गाईड के बच्चों ने मतदान केन्द्रों में किया सराहनीय कार्य

**राजनांदगांव।** जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत निर्वाचन में मतदान केन्द्रों में बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं सहित सामान्य मतदाताओं की सहायता के लिए स्काउट गाईड के विद्यार्थियों का सहयोग सराहनीय रहा। स्काउट गाईड के बच्चों ने मतदान करने पहुचने वाले बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं सहित सामान्य मतदाताओं की सेवा भाव से मदद की। स्काउट गाईड के बच्चों ने बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं को व्हील चेयर में बैठाकर, हाथ से सहारा देकर मतदान केन्द्र तक लाने का कार्य किया। इसके साथ ही कड़ी धूप को देखते हुए सभी मतदाताओं को ठंडा पानी पिलाने का काम भी किया। जिले के मतदान केन्द्रों में स्काउट गाईड के बच्चों ने मतदान मित्र के रूप में कार्य किया। स्काउट गाईड के छात्रों द्वारा मतदान के समय महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# 7वीं बार गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकाड्र्स में नाम दर्ज कराने वाला जिला बना बलौदाबाजार भाटापारा

श्रीकंचनपथ न्यूज

बलौदाबाजार। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के एल चौहान के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत स्वीप नोडल अधिकारी सुश्री दिव्या अग्रवाल के नेतृत्व में जिला प्रशासन बलौदाबाजार-भाटापारा को बड़ी उपलब्धि मिली है। जिसके तहत मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत जिले के दो लाख एक हजार महिलाओं द्वारा लिखे गए स्वीप पोस्ट कार्ड शपथ को गोल्डन बुक ऑफ रिकार्ड अवार्ड प्राप्त हुआ।



जिला मुख्यालय बलौदाबाजार स्थित स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट हिंदी माध्यम पण्डित चक्रपाणी शुक्ल विद्यालय मे शनिवार को कलेक्टर के.एल.चौहान सहित अन्य अधिकारी एवं गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्डस आवार्ड के स्टेट प्रतिनिधी सोनल शर्मा ने महिलाओं द्वारा प्राप्त 2 लाख एक हजार स्वीप पोस्ट कार्ड शपथ का अवलोकन किया। जिला प्रशासन के चैलेंज को स्वीकार करते हुए गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्डस आवार्ड के स्टेट प्रतिनिधि सोनल शर्मा द्वारा जिला प्रशासन की पहल के लिए कलेक्टर श्री के.एल.चौहान को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्डस आवार्ड से सम्मानित किया। उन्होंने कलेक्टर श्री चौहान को प्रोविजनल सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। इसके पूर्व भी जिले को 6 गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड मिल चुका है। इस सम्मान के साथ जिला बलौदाबाजार-भाटापारा 7 वीं बार गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्डस में नाम दर्ज कराने वाला जिला बन गया है जो जिलेवासियों के लिए गौरव की बात है। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल, बलौदाबाजार एसडीएम अमित गुप्ता,जनपद पंचायत सीईओ रोहित नायक,श्री मंडावी, तहसीलदार राजू पटेल,भी उपस्थित रहे। इस दौरान कलेक्टर के एल चौहान के द्वारा शत प्रतिशत मतदान हेतु संकल्प भी दिलाया गया। साथ ही इस मोके पर सुर संगम टीम द्वारा बहुत ही आकर्षण गीत के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिए। इस मौके पर अन्य सभी एसडीएम,जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती,जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग टिकवेन्द्र जाटवर,सहित सभी जनपद सीईओ,स्कूल शिक्षा विभाग,प्रशिक्षण में आएं अधिकारी कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने दी बधाई

कलेक्टर के एल चौहान ने उक्त आयोजन को बेहद सफल बनाने के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास से जुड़ी महिला स्व सहायता समूह की ग्रामीण महिलाओं को सहित सभी अन्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दिए। उन्होंने कहा कि आप सभी का मेहनत रंग लायी। आप सभी ने बहुत मेहनत कर इस उपलब्धि को हासिल किए। आगे भी भविष्य में इस तरह मेहनत कर समाज को एक सकारात्मक दिशा प्रदान करें। गौरतलब है कि पूर्व में जिला प्रशासन बलौदाबाजार-भाटापारा को 6 विभिन्न वर्गों में गोल्डन बुक ऑफवर्ल्ड रिकाड्र्स से सम्मानित हो चुका हैं।


इस तरह अब जिला प्रशासन बलौदाबाजार-भाटापारा 7 गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकाड्र्स बना लिए है। पूर्व में 11 जून 2022 को आयोजित सर्वाधिक व्यक्तियों द्वारा कार्यालय परिसर की साफ- सफाई हेतु पुरूस्कार प्रदान किया गया है। जिसमे कुल 52 हजार 693 लोग एक साथ एक समय में शामिल हुए थे। इसी तरह हेलमेट जागरूकता के लिए 1 जुलाई 2022 को नियमित हेलमेट पहनने वालो का सबसे बड़ा सम्मान समारोह जिले के विभिन्न स्थानों में किया गया। जिसमें 5 हजार 204 लोगो का सम्मान करने हेतु गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड का पुरुस्कार प्राप्त हुआ है। साथ ही हेलमेट जागरूकता के लिए सबसे बड़ी रैली का आयोजन जिसमे एक स्थान पर 272 तथा जिले में विभिन्न स्थानों में कुल 7 हजार 263 लोग शामिल हुए जिसकों भी गोल्डन बुक ऑफवर्ल्ड रिकाड्र्स बनाने का पुरुस्कार प्रदान किया गया था। इसी तरह 8 नवंबर 2023 को जिले के 7 सौ से अधिक स्थानों में सवा लाख से अधिक लोगों ने हस्ताक्षर कर वर्ल्ड रिकार्ड बनाया था। हस्ताक्षर अभियान महिला सशक्तिकरण बेटी है तो कल है, मतदान ही सही विकल्प है एवं स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान थीम पर आयोजन किया गया था। इसी तरह हाल में ही स्वीप के तहत 12 अप्रैल को 25 किलो मीटर लंबी ट्रैक्टर रैली गोल्डन बुक ऑफवर्ल्ड रिकाड्र्स से सम्मानित हुआ।

# होम वोटिंगः अत्यंत बुजुर्ग और दिव्यांग भी कर पा रहे मतदान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वरिष्ठ मतदाताओं को उनके मताधिकार के लिए उपयोग के लिए प्रारंभ होम वोटिंग कई मायनों में महत्वपूर्ण हैं। लोकतंत्र के पर्व में जहां एक-एक मत की महती भूमिका होती हैं, लेकिन उम्र के इस पड़ाव में जहां चलने-फिरने में दिक्कत होती हैं। वहां मतदान कर पाना संभव प्रतीत नहीं होता लेकिन अपने मताधिकार का उपयोग न कर पाने की खलल भारत निर्वाचन आयोग ने दूर करते हुए ऐसे 85 से अधिक आयु वर्ग के वरिष्ठ मतदाताओं को घर पहुंच मतदान करने की सुविधा देकर लोकतंत्र में उनकी मत के महत्व को बरकरार रखा हैं।

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देश पर संपूर्ण प्रकिया का पर्यवेक्षण वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा किया गया। लक्ष्मी नारायण मंदिर के सामने स्थित घर में निवासरत मतदाता वली मोहम्मद का जन्म सन 1931 में हुआ है, आज के समय में उनकी उम्र लगभग 93 साल हो चुकी हैं, वो बताते है भारत में जब निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ हुई तब से अपने मताधिकार का लगातार उपयोग कर रहे है। लेकिन इस उम्र उन्हे दिक्कतों का सामना कर पड़ रहा था, लेकिन निर्वाचन आयोग के शुरू किए होम वोटिंग ने उन्हे राहत दी है और आज वो दूसरी बार होम वोटिंग कर अपने मताधिकार का उपयोग किए है। इसी प्रकार शहर में चल रहे होम वोटिंग की प्रक्रिया का अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव कुमार पाण्डेय ने औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर तहसीलदार श्री लोमस मिरी भी उपस्थित रहे।



उल्लेखनीय है कि जिले में चारों विधानसभा में आज से होम वोटिंग की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। जिसके तहत मतदान दलों के माध्यम से 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग एवं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओ के घर में पहुंच मतदान कराया गया। जिले में कुल 135 होम वोटर हैं, जिसमें रायगढ़ में 23, खरसिया में 56, लैलूंगा में 19 तथा धरमजयगढ़ में 37 वोटर शामिल है। होम वोटिंग के लिए आवेदन करने वाले कुल 135 मतदाताओं में से 131 मतदाताओं द्वारा आज उनके निवासगृह में पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान किया गया। 01 मतदाता का निधन हो चुका है तथा शेष 03 मतदाताओं को पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु उनके निवासगृह में 02 मई 2024 को मतदान अधिकारियों की टीम पुनः जाएगी।

# जिला न्यायाधीश ने जिला जेल का किया निरीक्षण

**रायगढ़।** जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में आज जिला जेल रायगढ़ का भ्रमण किया गया। साथ ही विधिक साक्षरता शिविर का भी आयोजन किया गया। जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अरविन्द कुमार सिन्हा के द्वारा आयोजित शिविर में बंदियों को उनके कानूनी अधिकारों के विषय में जानकारी प्रदान करते हुए जिन बंदियों के मामले में अधिवक्ता नहीं हैं उनकी ओर से लीगल एड डिफेंस कौसिल द्वारा मामले में पैरवी करने तथा जमानत आदि की कार्यवाही करने के बारे में बताया गया। छोटे अपराधों में निरूद्ध ऐसे बंदी, जो लम्बे समय से जेल में हैं, उनके मामलों में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा त्वरित संज्ञान लेने तथा संबंधित न्यायालय में जमानत आवेदन दाखिल कराये जाने हेतु सचिव श्रीमती अंकिता मुदलियार को निर्देशित किया गया। साथ ही ऐसे बंदी जिनकी जमानत स्वीकृत हो गई है, किन्तु किसी असमर्थतता के कारण जमानत प्रस्तुत नहीं किया गया है, ऐसे मामलों में धारा 440 द.प्र.सं. के अन्तर्गत आवेदन संबंधित न्यायालय में दाखिल कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

# विश्व मलेरिया दिवस का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**गरियाबंद।** मलेरिया नाम सुनते ही मच्छर हमारे जेहन में नजर आ जाता है,,आज विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर पुरी दुनियां में इस मच्छर जनित बीमारी पर विजय पाने के लिए वैज्ञानिकों डॉक्टरों और शोधार्थियों द्वारा की गई। प्रयासों के संबंध में चर्चा का दिन है,,मलेरिया बीमारी के लिए जिम्मेदार परजीवी की खोज के बाद से अब तक अनेकों जतन करने के बाद भी मलेरिया बीमारी को पूर्ण रुप से खत्म नहीं किया जा सका है। मलेरिया से बचाव और इसकी रोकथाम हेतु लोगों को जागरुक करने के लिए हर साल 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ गार्गी यदु पाल और राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी डॉ मनमोहन सिंह ठाकुर निर्देशानुसार गरियाबंद जिले के सभी विकासखंडों में विभिन्न गतिविधियों के साथ मलेरिया दिवस मनाया गया। गरियाबंद ब्लॉक के मलेरिया प्रभावित जंगली क्षेत्र पीपरछेड़ी, लिटीपारा, मौहाभाठा, कौंदकेरा, मदनपुर में ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों और सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियो ने मितानिनों और ग्रामीणों के साथ रैली, बैठक आयोजित कर आने वाले समय में क्षेत्र को मलेरिया मुक्त करने के लिए विभिन्न उपायों की चर्चा की।

मलेरिया मादा एनोफिलिज मच्छर के काटने से होता है। इसलिए मलेरिया से बचाव के लिए सोते समय हमेशा मच्छरदानी का उपयोग करना चाहिए। अपने घरों के आसपास गंदगी न फैलाने, उपयोग के बाद पानी की सही निकासी की व्यवस्था करने व घर के आसपास गड्ढों नालियों में पानी जमा न होने देना चाहिए।

# हाट बाजारों में साग भाजी से आकृति बना 7 मई को मतदान के लिए कर रहे प्रेरित, चलाया गया हस्ताक्षर अभियान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** लोकसभा निर्वाचन-2024 मतदान के लिए 7 मई को मतदान होना है। ऐसे में मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल तथा सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल अधिकारी जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में रायगढ़ जिले में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए विविध कार्यक्रम चलाये जा रहे है।

लोगों को शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों में विशेष स्वीप अभियान चलाकर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। विशेष स्वीप अभियान के तहत आज खरसिया के कम मतदान प्रतिशत वाले ग्राम पंचायत बड़े देवगांव एवं परसापाली के हाट-बाजार में मतदाता जागरूकता शपथ एवं हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।




इस दौरान मतदाताओं को मतदान के महत्व के बारे में जानकारी दी जा रही है और मतदान दिवस 7 मई 2024 को मतदान केन्द्र पहुंचकर मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही मतदाता शपथ भी दिलाई जा रही है। तमनार के ग्राम-गारे में गांव की महिलाओं द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई।

रैली के दौरान सभी महिलाओं ने लोगों को मतदान के महत्व को बताया और उनसे मतदान करने की अपील की गई। रैली में नारों के माध्यम से महिलाओं ने लोगों को जागरूक किया। इसी के साथ शत-प्रतिशत मतदान की शपथ भी ली गई। उद्योगों में भी औद्योगिक कर्मियों को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। तमनार में सारडा इनर्जी में भी कर्मियों ने 07 मई को मतदान की शपथ ली।

# बाइक चलाकर कलेक्टर व एसपी ने मतदाताओं को किया जागरूक

## हेलमेट पहनकर सड़क पर यातायात नियमों का पालन करने का भी दिया संदेश

श्रीकंचनपथ न्यूज

कोरबा। लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मतदाताओं को जागरूक करने कोरबा शहर के प्रमुख मार्गों में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी आदि की उपस्थिति में जिला स्तरीय स्वीप बाइक रैली का आयोजन किया गया। रैली में कलेक्टर, एसपी सहित शहर के युवाओं तथा आम मतदाताओं एवं अधिकारियों -कर्मचारियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया।



जिला प्रशासन द्वारा आयोजित बाइक रैली में मतदाताओं को मतदान दिवस 07 मई को मतदान करने और लोकतंत्र को मजबूत बनाने की अपील की गई। बाइक रैली के माध्यम से आम नागरिकों को यह भी संदेश दिया गया कि सड़क पर यातायात के नियमों का पालन करें और बाइक चलाते समय हेलमेट अवश्य पहनें। बाइक रैली में शामिल युवाओं एवं आम नागरिकों ने बैनर-पोस्टर के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया।

जिला स्तरीय स्वीप बाइक रैली का शुभारंभ हरी झंडी दिखाकर कलेक्टोरेट परिसर से किया गया। इस दौरान प्रमुख मार्गों पर बाइक चलाते हुए मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन में बढ़चढ़ कर भाग लेने की अपील की। कलेक्टर ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने में हमारा एक-एक वोट महत्व रखता है। समय पर मतदान करके हम सभी मतदाता अपने पसंद का उम्मीद्वार चुन सकते हैं। हम सभी मतदान में जितना अधिक भाग लेंगे, हमारा लोकतंत्र उतना ही मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं की जानकारी के लिए लगातार अनेक सुविधाएं दी जा रही है। हम अपने उम्मीदवार के विषय में भली-भांति जान सकते हैं।

कलेक्टर ने बाइक रैली का उद्देश्य मतदाताओं को जागरूक बनाना और उन्हे मतदान के लिए प्रेरित करना बताया है। उन्होंने अपील की है कि 07 मई को सभी मतदाता अपने नजदीकी मतदान केन्द्र में जाकर मतदान अवश्य करें।

इस दौरान निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के तहत परिचय पत्र अवश्य रखें। बाइक रैली का आयोजन कलेक्टारेट परिसर से प्रारंभ होकर तानसेन चौक (आईटीआई) चौक होते हुए बुधवारी बाजार चौक, सीएसईबी चौक, टीपी नगर चौक, सतनाम/ गुरूघासीदास चौक, महाराणा प्रताप चौक बुधवारी, घंटाघर चौक (मिनीमाता कालेज), कोसाबाड़ी चौक, एनसीसी कैम्प (पुराना आरटीओ आफिस), तहसील आफिस, एसपी आफिस होते हुए कलेक्टोरेट परिसर पर समाप्त हुई। जिला प्रशासन द्वारा बाइक रैली की नियमानुसार एसडीएम कोरबा से अनुमति ली गई थी।

इस दौरान जिला पंचायत सीईओ व स्वीप नोडल अधिकारी संदीप मिश्रा, निगम आयुक्त प्रतिष्ठा ममगाई, सहित अपर कलेक्टर दिनेश कुमार नाग, एसडीएम कोरबा श्रीकांत वर्मा एवं डिप्टी कलेक्टर तथा जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी और आम नागरिक उपस्थित थे।

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65


Premier sales
8959493000
A Leela Electronics
9425507772
Reena Electronics
9329132299
Shree Electronics
7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics
9827183839
Rohit Electronics
94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...

### मतदान दलों और मतदाताओं की स्वास्थ्य का ख्याल रखने निगम ले रहा अस्पतालों की मदद

**रायपुर ( ए. )।** रायपुर नगर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर निगम अधिकारी अस्पतालों को मतदान के दिन मतदान दलों और मतदाताओं की तबियत बिगड़ने पर ईलाज करने के लिए तैयार कर रहे हैं। भाठागांव क्षेत्र के दो अस्पताल इसके लिए तैयार भी हो गए। इनकी इस क्षेत्र के 40 से अधिक मतदान केंद्रों में सेवाएं ली जाएगी। निगम के जोन क्रमांक 6 के उप अभियंता हिमांशु चंद्राकर ने बताया कि भाठागांव क्षेत्र के उमा मेमोरियल अस्पताल और जौहरी अस्पताल ने निगम को लिखकर दिया है कि 7 मई को मतदान के दिन मतदान केंद्रों में तैनात रहकर मतदान दलों के साथ ही वहां मतदान करने आए मतदाताओं के स्वास्थ्य की निगरानी करेगी। आवश्यकता अनुसार दवा का भी इंतजाम रखा जाएगा। गर्मी की वजह से शरीर में पानी की कमी हो सकती है। जिसके लिए इलेक्ट्रॉल, रसना या अन्य ठंडे पदार्थ पीड़ित को दिया जाएगा। भाठागांव के 8 स्कूल ऐसे हैं, जिनमें 5 या उससे अधिक मतदान केंद्र हैं। मेडिकल टीमों को इन्ही बूथों में तैनात रखा जाएगा। इसके अलावा ये दोनों अस्पताल अधिक से अधिक मतदान करने हेतु प्रोत्साहित करने 7 मई के दिन ओपीडी के साथ ही भर्ती होने पर भी फीस में छूट देंगे। निगम की टीम शहर के अन्य अस्पतालों को भी मतदान के दिन मदद करने के लिए मना रही है।

### युवक की जान बचाने के लिए बंजारा समाज ने जताया सीएम का आभार

**रायपुर ( ए. )।** पेट की गंभीर बीमारी से जूझ रहे पालेश्वर राम (25 वर्ष) को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल से नया जीवन मिला है। पालेश्वर के स्वजनों ने बताया कि पालेश्वर बीते एक साल से पेट की गंभीर बीमारी से ग्रसित था। उसके पेट मे भयंकर दर्द रहा करता था, जिससे वह ना तो ठीक से खा पाता था और ना ही सो पाता था। इससे उसकी हालत लगातार बिगड़ती जा रही थी। परिजनों ने पालेश्वर को स्थानीय अस्पताल लेकर गए। जहां, परीक्षण के बाद चिकित्सकों ने बड़े अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। निजी अस्पताल मे जांच के बाद चिकित्स्कों ने आपरेशन की आवश्यकता बताई। लेकिन, आपरेशन का भारी खर्च ने, पालेश्वर के परिजनों के होश उड़ा दिया। बीते लगभग एक साल से पालेश्वर, इसी हालत मे घर मे ही पड़ा हुआ था। इस बीच, पीड़ित पालेश्वर के स्वजनों ने सीएम कैम्प बगिया पहुंच कर, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से पालेश्वर की जान बचाने के लिए, उपचार मे सहायता का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री साय के पहल पर रायपुर के नारायणा हॉस्पिटल मे पालेश्वर के इलाज की व्यवस्था की गई। डॉक्टरो ने जांच मे पालेश्वर के पेंक्रिया और आंत मे समस्या पाया। मुख्यमंत्री विष्णु साय के निर्देश पर, नारायणा हॉस्पिटल ने पालेश्वर का सफल आपरेशन किया। फिलहाल, पालेश्वर स्वास्थ्य लाभ ले रहा है। पालेश्वर के आपरेशन का सारा भुगतान आयुष्मान कार्ड के माध्यम से किया गया है।

ऑनलाईन दक्षता विकास प्रशिक्षण का आयोजन 29 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से होगा

# माध्यमिक शिक्षा मंडल की टोल फ्री नंबर 1 मई से होगा सक्रिय

**रायपुर ( ए. )।** आने वाले समय में विभिन्न बोर्ड परीक्षाओं के परीक्षा परिणाम घोषित किए जाएंगे। परीक्षा परिणाम घोषित होने के पूर्व तनाव एक स्वाभाविक प्रक्रिया है, किन्तु कई बार बच्चे उस तनाव के चलते अवसाद ग्रस्त हो जाते हैं।

यह समय बच्चों एवं पालकों के लिए बहुत ही संवेदनशील होता है तथा तनाव में रहने के कारण विद्यार्थी द्वारा कोई अप्रिय निर्णय लिए जाने की आशंका बढ़ जाती है। परीक्षा परिणामों को लेकर कई बार पालकों की भी नकारात्मक भूमिका सामने आई है। यदि किसी भी विद्यार्थी में तनाव के लक्षण दिखाई देते हैं और परामर्श की




**परीक्षा परिणाम से उत्पन्न तनाव को दूर करने माध्यमिक शिक्षा मंडल के टोल फ्री नंबर 18002334363 पर निःशुल्क मिलेगा परामर्श**

आवश्यकता प्रतीत होती है, तो छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के टोल फ्री नंबर 18002334363 पर एक मई से 15 मई तक सुबह 10.30 बजे से शाम 5 बजे तक मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाईन टेलीमानस टोल फ्री नंबर 14416 पर चौबीस घंटे सातों दिन संपर्क कर निःशुल्क परामर्श प्राप्त कर सकते हैं।

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा चिन्हांकित मनोवैज्ञानिक चिकित्सकों, कैरियर सलाहकार तथा एससीईआरटी के विशेष अकादमिक सहयोग से ऑनलाईन दक्षता विकास प्रशिक्षण का आयोजन 29 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से किया जा रहा है। जिसका वेबलिंक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, बीआरसीसी, छत्तीसगढ़ के माध्यम से सर्वसंबंधित शिक्षकों को भेजा जाएगा। इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव ने सभी समस्त कलेक्टर, समस्त जिला शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, बीआरसीसी और सीआरसीसी को पत्र जारी कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने कहा है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि परीक्षा परिणाम से उत्पन्न तनाव को दूर करने के लिए जनजागरण एवं सकारात्मक महौल, बच्चों एवं पालकों के मध्य लाया जाए, जिससे पालक, बच्चों पर अनावश्यक दबाव न बनाएं और न ही नकारात्मक प्रतिक्रिया दी जाए।

किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए सार्थक प्रयास किया जाए, इसके लिए यह बात विद्यार्थियों, माता-पिता तथा पालकों तक पहुंचाना है कि परीक्षा परिणाम आशा अनुरूप न होना, जीवन का कोई अंतिम परिणाम नहीं है। हमारे सम्मुख बहुत से ऐसे उदाहरण है, जिन्होंने शिक्षा के दौरान अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है, किन्तु वे जीवन में अत्यंत सफल रहे हैं तथा वे हमारे प्रेरणा-स्त्रोत रहे हैं। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि तनाव ग्रसित बच्चों में पूर्व से भी कुछ लक्षण दिखने लगते हैं, यथा शांत (मौन) रहना, अकेले गुमसुम रहना, किसी काम में मन न लगना, चिड़चिड़ापन, भूख नहीं लगना आदि इन तथ्यों के आधार पर बच्चों की समुचित निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# एब्सटीन एनामली से पीड़ित महिला को लीडलेस पेसमेकर लगाकर बचाई मरीज की जान

**रायपुर ( ए. )।** पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायपुर स्थित एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट में पहली बार हृदय की जन्मजात बीमारी एब्सटीन एनामली से पीड़ित 30 वर्षीय महिला मरीज के गर्दन के रास्ते हृदय में तैरते हुए लीडलेस पेसमेकर लगाकर मरीज की जीवन रक्षा की गई। एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट के कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. स्मित श्रीवास्तव के नेतृत्व में हुए इस उपचार प्रक्रिया की विशेष बात यह रही कि मरीज हृदय की जन्मजात बीमारी से पीड़ित होने के कारण पहले ही वॉल्व रिप्लेसमेंट की सर्जिकल प्रक्रिया से गुजर चुकी थी, इसके साथ ही उसे प्री एक्लेम्पसिया की समस्या थी, साथ ही साथ मरीज का कम्प्लीट हार्ट ब्लॉकेज हो चुका था। इन सब जटिलताओं के कारण मरीज को सामान्य पेसमेकर लगाना संभव नहीं था इसलिए गर्दन की नस जिसे जुगलर वेन कहते हैं, के रास्ते दिल में तैरने वाला पेसमेकर लगाकर जान बचाई। डॉ. स्मित श्रीवास्तव के अनुसार, पैर की नस के रास्ते से एसीआई में इससे पहले लीडलेस पेसमेकर लगाया जा चुका है लेकिन गले के नस के रास्ते लीडलेस पेसमेकर लगाने का देश एवं राज्य का संभवतः यह पहला केस है। महिला का उपचार स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत निशुल्क हुआ।

डॉ. स्मित श्रीवास्तव बताते हैं कि सबसे पहले गर्दन की नस दायें जुगलर वेन के रास्ते 23 फ्रेंच का शीथ डाला गया। उसके बाद माइक्रा कैथेटर के द्वारा लीडलेस पेसमेकर को राइट वेंट्रीकल तक ले जाया गया। उसके बाद हृदय के सारे पैरामीटर चेक किये गये। सारे पैरामीटर ठीक होने पर राइट वेंट्रीकल में तैरता हुआ लीडलेस पेसमेकर को छोड़ा गया उसके बाद पुनः हृदय के पैरामीटर को जांचा गया। सबकुछ ठीक होने पर डिवाइस को वहीं डिप्लाइड कर दिया गया। एब्सस्टीन एनामली नामक उपरोक्त केस के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए डॉ. स्मित बताते हैं कि एक 30 वर्षीय महिला मरीज जिसे कंजनाइटल हार्ट डिजीज विद एब्सटीन एनामली था, पालपिटेशन विद न्याहा क्लास थर्ड के साथ प्री एक्लेम्पसिया से पीड़ित थी। इस मरीज का टीवीआर मार्च 2024 में हुआ और सिम्पटोमैटिक कम्पलीट हार्ट ब्लॉक के साथ 25 मार्च को एसीआई में भर्ती हुई। तमाम परीक्षण के बाद मरीज की जान बचाने के लिए लीडलेस पेसमेकर लगाने का फैसला लिया क्योंकि मरीज को नॉर्मल लीड वाला पेसमेकर डालना संभव नहीं था। हालांकि लीडलेस पेसमेकर में भी बहुत चैलेंज था जैसे कि इस मरीज में फीमोरल वेन से प्रोसीजर करना कठिन था। आरवीओटी का प्रोसीजर भी हो चुका था परंतु हमारी टीम ने यह सुनिश्चित किया कि मरीज को लीडलेस पेसमेकर लगे और वह एक सामान्य जीवन की ओर बढ़ सके। संभवतः यह देश के किसी भी गर्वमेंट मेडिकल कॉलेज में एब्सटीन एनामली विद जुगलर एप्रोच के साथ पहला केस और छत्तीसगढ़ में ऐसा दूसरा केस है। इस केस में डॉ. स्मित श्रीवास्तव के साथ सहयोगी टीम में डॉ. कुणाल ओस्तवाल, डॉ. शिव कुमार शर्मा, डॉ. प्रतीक गुप्ता, कैथलैब टेक्नीशियन आई. पी. वर्मा, नर्सिंग स्टॉफ नीलिमा शर्मा, गौरी, रौशनी, वंदना, डिगेन्द्र, खेम, पूनम, महेन्द्र आदि का सहयोग रहा।

हार्ट, चेस्ट एवं वैस्कुलर सर्जन डॉ. कृष्णकांत साहू इस केस के संबंध में जानकारी देते हुए बताते हैं कि इस संस्थान के कार्डियक सर्जरी विभाग में अब तक एब्सटीन एनामली मरीजों की 4 सफल सर्जरी हो चुकी है। यह बहुत ही दुर्लभ बीमारी है एवं इसका ऑपरेशन बहुत ही जटिल और गिने चुने संस्थानों में केवल दक्ष सर्जन द्वारा किया जाता है। यह इस संस्थान के लिए गौरव की बात है। एब्सटीन एनामली का सफल ऑपरेशन हार्ट चेस्ट एंड वैस्कुलर सर्जरी के विभागाध्यक्ष डॉ. कृष्णकांत साहू एंड टीम द्वारा एक महीना पहले किया गया था। इस ऑपरेशन में मरीज के हार्ट की ओपन हार्ट सर्जरी करके इनके राइट वेंट्रिकल और राइट एट्रियम के बीच में नया एन्यूलस बनाकर उच्च कोटी का बोवाइन टिश्यू वाल्व लगा कर राइट वेंट्रिकल की साइज को कम किया गया एवं राइट वेंट्रिकल से फेफड़े में जाने वाली रक्त वाहिका के रुकावट को ठीक किया गया तथा हार्ट के अंदर स्थित छेद को बंद किया गया। इस प्रकार के ऑपरेशन के बाद लगभग 50 प्रतिशत मरीजों में कंडक्शन ब्लॉक के चांसेस होते हैं क्योंकि जहां पर कृत्रिम वाल्व लगाया जाता है, वहाँ पर हार्ट के कंडक्शंस सिस्टम का सर्किट होकर गुजरता है और कंडक्शन ब्लॉक के चांसेस बढ़ जाते हैं। यदि हार्ट रेट बहुत ही कम है तो ऐसे मरीजों को पेसमेकर लगाना जरूरी हो जाता है। इस मरीज के साथ भी ऐसा ही हुआ। ऑपरेशन के बाद 15 दिनों तक मरीज की धड़कन सामान्य थी लेकिन कुछ ही समय बाद धड़कन प्रति मिनट 50 से भी कम होना प्रारंभ हो गया। तब तक मरीज को अस्थाई रूप से एपीकार्डियल पेसमेकर पर रखा गया। इस एपीकार्डियल पेसमेकर को सर्जरी के दौरान कंडक्शन ब्लॉक की आशंका को देखते हुए ऐसे मरीजों में पहले से ही लगा दिया जाता है।

### क्या होती है एब्सटिन एनामली बीमारी

यह एक जन्मजात हृदय रोग है। जब बच्चा मां के पेट के अंदर होता है, यानी भ्रूणावस्था के पहले 6 सप्ताह में बच्चे के दिल का विकास होता है। इसी विकास के चरण में बाधा आने पर बच्चे का हृदय असामान्य हो जाता है। इस बीमारी में मरीज के हृदय का ट्राइकस्पिड वाल्व ठीक से नहीं बन पाता और यह अपनी जगह न होकर दायें निलय की तरफचला जाता है जिसके कारण दायां निलय ठीक से विकसित नहीं हो पाता जिसको एट्रियालाइजेशन का राइट वेंट्रीकल कहा जाता है। साथ ही साथ हृदय के ऊपर वाले चेम्बर में छेद हो जाता है। इससे दायां निलय बहुत ही कमजोर हो जाता है एवं फेफड़े में पहुंचने वाले खून की मात्रा कम हो जाती है जिससे रक्त को पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं मिल पाता जिससे शरीर नीला पड़ जाता है एवं ऑक्सीजन सैचुरेशन 70 से 80 के बीच या इससे भी कम रहता है। इसी कारण ऐसे मरीज ज्यादा समय तक नहीं जी पाते। यह मरीज या तो अनियंत्रित धड़कन या राइट वेन्ट्रीकुलर फेल्योर के कारण मर जाते हैं।

वरिष्ठ अधिकारियों से की चर्चा

# शहर में पानी सप्लाई के लिए ननि ने एनीकट खुलवाया



**रायपुर ( ए. )।** खारुन नदी में गंगरेल बांध के नहर का पानी अचानक बन्द कर देने से शहर में पानी सप्लाई प्रभावित होते देखकर आज नगर निगम के अधिकारियों ने नदी में काठाडीह और मुर्रा गांव में बने एनीकेट को खुलवा दिया है। कल शाम या देर रात तक चटोद नहर से तररीघाट होकर फिल्टर तक पानी पहुंचने की उम्मीद है।

शहर में पानी सप्लाई के रायपुरा के पास के फिल्टर प्लांट के पास वाले एनीकेट से पानी लिया जाता है। यहां तक सिंचाई विभाग के नहर से पानी आता है या गंगरेल बांध से होकर आता है। वर्तमान में नहर से पानी आ रहा था। सिंचाई विभाग ने निगम को बिना सूचना दिए मरम्मत के नाम पर अचानक बन्द कर दिया गया। इससे फिल्टर प्लांट एनीकेट में पानी सूखने लगा। जिसकी सूचना कल निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा को दी गई। जिसके बाद उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा की गई। श्री फरेंद्र ने बताया कि एनीकेट के ऊपर काठाडीह और मुर्रा में भी एनीकेट है। मुर्रा एनीकेट की क्षमता बड़ी है। इन दोनों एनीकेट को खुलवाकर पेयजल की व्यवस्था की जा रही है। गंगरेल बांध से पानी छोड़ा गया है जो कि धमतरी के चटोड नहर के रास्ते खारुन में लाया जा रहा है। खारुन नदी में ही तररीघाट के पास एनीकेट बना है। नहर का पानी उसी रास्ते से लाया जाएगा। तररीघाट एनीकेट को खुलवाने का प्रयास किया जा रहा है। इससे शहर में पानी की कमी की समस्या दूर होने की उम्मीद है।

# 5 आदिवासी महिलाएं जाएंगी सोनीपत हरियाणा

### कूकीज व एनर्जी को बनाने औद्योगिक तरीकों के बारे में लेंगे प्रशिक्षण

**रायपुर ( ए. )।** जशपुर जिले से आदिवासी महिला समूह के 5 महिलाओं का समूह कल सोनीपत, हरियाणा के लिए होगा रवाना। कुछ समय पूर्व जिले को निफ्टेम सोनीपत से 02 तकनीक, मिलेट से कूकीज और एनर्जी बार की तकनीक हस्तांतरित की गयी थी, उसी सिलसिले में महिलाओं का दल 03 दिन के प्रशिक्षण एवं 01 दिन के औद्योगिक अनुभव के दौरे पर जा रहा है। महिलाओं में अनेश्वरी भगत, नीतू ठाकुर, मीरा बाई, प्रभा साई एवं भारती भगत शामिल हैं।

महुआ सम्बंधित खाद्य प्रसंस्करण की मास्टर ट्रेनर अनेश्वरी भगत ने बताया का वो इससे पहले भी जिले का प्रतिनिधित्व अंतरराष्ट्रीय मिलेट कांफ्रेंस में निफ्तेम सोनीपत में कर चुकी है और इस बार वे बाकी महिलाओं के साथ निफ्टेम मिलेट कूकीज और एनर्जी को बनाने के औद्योगिक तरीके और गुणवत्ता बनाए रखने के लिए किये जाने वाले जरूरी कार्यों को सीखने जा रही हैं।

युवा वैज्ञानिक एवं खाद्य प्रसंस्करण सलाहकार समर्थ जैन ने बताया की पिछले साल जिला प्रशासन की पहल पर जब जिले की टीम निफ्तेम अंतरिस्र्त्य मिलेट कांफ्रेंस में गयी थी तो वहां पर आनी वाले लोगों और निफ्तेम के खाद्य प्रसंस्करण से जुड़े वैज्ञानिकों की जिज्ञासा जशपुर में हो रहे प्रसंस्करण कार्यों की तरफ गयी एवं उन्होंने जिले के प्रयासों को बहुत सराहा, तब से कुछ ऐसे तकनीकों पर चर्चा एवं कार्य चालू हुआ जो की हमारे जिले के उत्पादों को और बेहतर बना पाए। इसी कड़ी में कुछ माह पहले निफ्तेम से कुछ शोध छात्र एवं वैज्ञानिक भी जशपुर दौरे पर आये थे, अब इस तकनीक के सीखने के बाद हमारा प्रयास इसमें महुआ एवं स्थानीय जड़ी बूटी की मिलकर और बेहतर उत्पाद बनाने की होगी।

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने महिलाओं की टीम से मिलकर उन्हें प्रेरित किया एवं इस औद्योगिकी प्रशिक्षण के महत्त्व पर चर्चा कर उनका उत्साहवर्धन किया। महिला दल की प्रभा ने बताया की वे दो वर्षों से खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आज पहली बार जशपुर से बहार इतनी बड़ी राष्ट्रीय संस्था में ट्रेनिंग पर जाने का मौका मिला है। कलेक्टर डॉ. मित्तल से चर्चा एवं उनसे मार्गदर्शन प्राप्त करके महिलाओं का उत्साह दुगुना हो गया है। जशपुर वापस आकर वे बाकी सभी महिलाओं को ट्रेनिंग देकर साथ में कार्य करेंगे।

रायपुर में मंत्रोच्चार के बीच नए विग्रह की हुई स्थापना

# मां काली मंदिर में बदली गई 55 साल पुरानी प्रतिमा

**रायपुर ( ए. )।** राजधानी रायपुर के आकाशवाणी चौक स्थित मां काली मंदिर में देवी की नई प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न हो गई है। प्रतिमा के क्षरण होने की वजह से नई प्रतिमा बनवाई गई है। मूर्तिकार के अनुसार प्रतिमा जिस ब्लैक स्टोन से बनी है वह एक हजार साल से भी ज्यादा पुराना है।

मंदिर के पुजारी ने करीब दो साल पहले पूजा करते समय देखा कि प्रतिमा का अभिषेक करने पर कुछ कण निकल रहे हैं। उन्होंने समिति के सदस्यों को इस बारे में बताया। तब वाराणसी, प्रयागराज, जगन्नाथ पुरी, हरिद्वार समेत कई तीर्थों के आचार्यों और विद्वानों से चर्चा की गई। तब प्रतिमा प्रतिस्थापित करने का सुझाव मिला।

जिस पत्थर को तराशकर नई प्रतिमा बनाई गई है वह 4000 साल से भी ज्यादा पुराना है। मंदिर के सचिव ने बताया कि केंदुझार ओडिशा की गहरी खदान से ये ब्लैक स्टोन निकाला गया है। ओडिशा के



मूर्तिकार ज्योति रंजन परिडा और उनकी टीम ने पूरा विग्रह 30 क्विंटल के एक ही पत्थर को तराश कर बनाया है। अब प्रतिमा का भार 5 क्विंटल के आसपास बताया जा रहा है। मूर्तिकार को इस प्रतिमा को बनाने में 10 महीने का समय लगा।

मंदिर में विराजी नवीन प्रतिमा हूबहू पुरानी प्रतिमा की तरह ही है। समिति से पता चला कि नई मूर्ति की लंबाई, चौड़ाई, हाव-भाव, आकृति और आकार पुरानी मूर्ति जैसा ही है। इसके लिए ओडिशा के मूर्तिकार विशेषज्ञों ने 3 बार आकाशवाणी चौक स्थित मंदिर आकर पुरानी प्रतिमा का निरीक्षण कर माप लिया। इसके अलावा समिति भी मांग के अनुसार उन्हें फोटो उपलब्ध कराती रहती थी। रामलला की प्रतिमा बनाने वाले मूर्तिकार अरुण योगीराज से भी मंदिर समिति के सचिव ने मुलाकात की थी। योगीराज ने उन्हें दो साल इंतजार करने को कहा। सचिव ने बताया कि उस समय पर उनके पास अयोध्या में रामलला की प्रतिमा बनाने का काम था। इसके अलावा और भी ऑर्डर उनके पास थे।

इसलिए उन्होंने काली माता की प्रतिमा बनाने के लिए कम से कम दो साल का समय मांगा था। प्रतिमा बनवाने के लिए देश के कई मंदिर जाकर प्रतिमाएं देखीं गईं और अच्छे मूर्तिकार की तलाश की गई। भुवनेश्वर में लिंगराज मंदिर में दर्शन के दौरान उन्हें ओडिशा के मूर्तिकार ज्योति रंजन परिडा की जानकारी मिली।

### नवीन विग्रह की स्थापना की गई

नवीन विग्रह की स्थापना आज की गई है। इसके लिए पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह चल रहा है। बुधवार को वेदी पूजन, कलश यात्रा, अधिवास प्रारंभ से अनुष्ठान की शुरुआत हुई थी। 25 को सप्तसती पाठ और रुद्राभिषेक किया गया, आज प्रतिष्ठित संतों और आचार्यों की मौजूदगी में सुबह 4 बजे प्राण प्रतिष्ठा पूजा शुरू हुई और 11 बजे तक पूजा संपन्न हो गई। 27 अप्रैल को महाप्रसाद वितरण और भजन संध्या होगी। वहीं, 28 को सतचंडी पाठ और मां महाकाली प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ की पूर्णाहुति की जाएगी।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243




















# द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम से जुड़ीं श्रीलीला, विजय की फिल्म में लटके-झटकों से जीतेंगी दिल?



तमिल सुपरस्टार दलपति विजय अपनी आगामी फिल्म 'द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' को लेकर बीते लंबे समय से सुर्खियों में हैं। फिल्म से जुड़ा हर एक अपडेट हेडलाइंस का हिस्सा बन रहा है। इसी बीच वेंकट प्रभु के निर्देशन में बनी इस फिल्म को लेकर एक और बड़ी जानकारी सामने आई है, जो फैंस के उत्साह को और भी ज्यादा बढ़ाने वाला है।

वेंकट प्रभु द्वारा निर्देशित और एजीएस एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम एक साइंस-फिक्शन एक्शन फिल्म है। फिल्म में विजय दोहरी भूमिका में हैं। हालिया विकास ने प्रशंसकों के बीच उत्साह बढ़ा दिया है क्योंकि रिपोर्टों से पता चलता है कि श्रीलीला कलाकारों में शामिल हो सकती हैं। ताजा रिपोर्ट्स के मुताबिक, श्रीलीला को इस साइंस-फिक्शन एक्शन फिल्म के कलाकारों में शामिल होने के लिए संपर्क किया गया है। कहा जा रहा है कि मेकर्स फिल्म में एक खास गाने के लिए अभिनेत्री से बातचीत कर रहे हैं। हालांकि, कोई और विवरण सामने नहीं आया है और अभी तक इसके बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। दलपति विजय के नए प्रोजेक्ट को लेकर प्रत्याशा के बीच, चिंता तब पैदा हुई जब एक तस्वीर ऑनलाइन सामने आई जिसे लेकर दावा किया गया कि अभिनेता के हाथ में चोट लग गई है। कथित तौर पर द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम की शूटिंग के दौरान लगी इन चोटों ने दुर्घटना की सीमा और परिस्थितियों के बारे में प्रशंसकों के बीच जिज्ञासा पैदा कर दी है।



### द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम

द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम टीम पहले हाई-ऑक्टेन एक्शन दृश्यों को फिल्माने के लिए रूस गई थी, जिसे अब हालिया झटके के कारण रोक दिया गया है। इस साइंस-फिक्शन एक्शन फिल्म में मीनाक्षी चौधरी, प्रशांत, प्रभु देवा, माइक मोहन, जयराम, स्नेहा, योगी बाबू जैसे अन्य कलाकार शामिल हैं। फिल्म का पोस्टर जारी होने के बाद अटकलें लगाई गईं कि द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम, हॉलीवुड फिल्म जेमिनी मैन का रीमेक है। हालांकि, वेंकट प्रभु ने साफ कर दिया कि यह एक मूल स्क्रिप्ट है।

# क्वीन ऑफ मास काजल अग्रवाल की फिल्म सत्यभामा का पहला सिंगल कल्लारा रिलीज



क्वीन ऑफ मास-नवीनतम टैग-काजल अग्रवाल अपनी नवीनतम फिल्म सत्यभामा के साथ आ रही हैं, जहां वह मुख्य भूमिका निभा रही हैं, जबकि नवीन चंद्रा अमरेंदर नाम का महत्वपूर्ण किरदार निभा रहे हैं। आज निर्माताओं ने फिल्म का पहला सिंगल कल्लारा रिलीज किया। यह गीत एक राग है, जिसे संगीत निर्देशक श्रीचरण पकाला ने संगीतबद्ध किया है, जिसके बोल रामबाबू गोसाला ने लिखे हैं और सुर की रानी श्रेया घोषाल ने अपनी आवाज दी है।

यह गीत युगल सत्यभामा और अमरेंदर के विश्वविद्यालय के दिनों के प्यार और अंतरंगता को दर्शाता है। गाना कल्लारा फिल्म सत्यभामा का एक विशेष आकर्षण होने का वादा करता है। समृद्ध गीतात्मक मूल्यों के साथ मधुर धुन को श्रेया घोषाल के सुंदर स्वरों द्वारा पूरक किया गया। सत्यभामा एक आगामी काजल अग्रवाल अभिनीत एक्शन-ड्रामा है जिसमें अभिनेत्री एक पुलिस वाले की भूमिका निभाती है। सत्यभामा के निर्माताओं ने सकारात्मक प्रतिक्रिया के साथ नवंबर 2023 में अपना पहला टीजर जारी किया था। तॉरम आर्ट्स के बैनर तले बॉबी टिक्का और श्रीनिवास राव टक्कलपल्ली द्वारा निर्मित, यह फिल्म मेजर निर्देशक शशिकिरण थिक्का द्वारा प्रस्तुत की गई है और सुमन चिक्काला द्वारा निर्देशित है, यह एक क्राइम थ्रिलर है जो 17 मई को सिनेमाघरों में भव्य रूप से रिलीज होने के लिए तैयार है।

# निखिल सिद्धार्थ ने की कार्तिकेय-3 का एलान, दर्शकों को मिलेगा रोमांच का फुल डोज



टॉलीवुड अभिनेता निखिल सिद्धार्थ की फिल्म कार्तिकेय 2 ने बॉक्स ऑफिस पर जमकर धमाल मचाया था। साउथ के साथ इस फिल्म ने हिंदी पट्टी में भी अच्छा बिजनेस किया था। इस फ्रेंचाइजी को पसंद करने वाले फैंस को लिए एक अच्छी खबर सामने आई है। दरअसल, अभिनेता ने आधिकारिक तौर पर इस एक्शन थ्रिलर फिल्म के तीसरे भाग की घोषणा कर दी है।

अभिनेता ने इस बात को कंफर्म किया है कि निर्देशक चंदू मोंडेती फिल्म के तीसरे भाग की पटकथा पर काम कर रहे हैं। फिल्म को लेकर अपडेट देते हुए निखिल ने एक्स पर लिखा, डॉ. कार्तिकेय जल्द ही एक बिल्कुल नए साहसिक कार्य की तलाश में...। इस पोस्ट में उन्होंने फिल्म के निर्देशक को भी टैग किया है। अभिनेता की इस पोस्ट के बाद फैंस काफी ज्यादा उत्साहित हो गए हैं। उनके बयान से लोग अनुमान लगा रहे हैं कि आगामी फिल्म में उन्हें जबर्दस्त सिनेमाई अनुभव प्राप्त होगा। सोशल मीडिया पर फैंस तरह तरह के कमेंट कर अपनी खुशी व्यक्त कर रहे हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि इस फिल्म का स्केल पिछली दो फिल्मों से अधिक होगा। फिलहाल इस फिल्म के कथानक और कलाकारों के बारे में कोई भी अपडेट सामने नहीं आया है, फिर भी लोग इस फिल्म का उत्सुकता के साथ इंतजार कर रहे हैं।

निखिल सिद्धार्थ को आखिरी बार 2023 की एक्शन-थ्रिलर फिल्म स्पाई में देखा गया था, जिसे गैरी बीएच ने निर्देशित किया था। वहीं, उनकी फिल्म कार्तिकेय 2 की बात करें तो कम बजट में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर झंडे गाड़ दिए थे। घरेलू टिकट खिड़की पर फिल्म ने 86.75 करोड़ का कारोबार किया था। फिल्म ने केवल हिंदी भाषा में ही 31.35 करोड़ रुपये बटोर डाले थे।




# जैकलीन ने पालतू जानवरों को खरीदने के बजाय गोद लेने का किया आग्रह



एक्ट्रेस व एनिमल लवर जैकलीन फर्नांडीज ने पालतू जानवरों को खरीदने के बजाय इन्हें गोद लेने का आग्रह किया। जैकलीन ने इंस्टाग्राम पर अपने स्टोरी सेक्शन पर एक वीडियो शेयर किया। वीडियो में दो पोमेरेनियन, एक हस्की और एक पूडल सहित कई कुत्तों को बीमार अवस्था में देखा जा सकता है। एक्ट्रेस ने वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन दिया: खरीददारी न करने और गोद लेने का एक और कारण.. ब्रीडिंग इंडस्ट्री क्रूर और अक्सर अवैध है। वर्कफ्रंट की बात करें तो, जैकलीन पिछली बार रोहित शेट्टी की सर्कस में नजर आई थी। वह जल्द ही सोनू सूद स्टारर फतेह में दिखाई देंगी। फिल्म में विजय राज भी हैं। इनके अलावा, एक्ट्रेस वेलकम फ्रेंचाइज के तीसरी पार्ट वेलकम टू द जंगल में भी नजर आएंगी, जो कथित तौर पर क्रिसमस पर रिलीज होगी।

## पतली कमर पर ठहरीं ट्रोल्स की निगाहें



# प्राची सिंह ने साड़ी पहनकर हिलाया इंटरनेट

भोजपुरी सिनेमा की बोल्ड वाला प्राची सिंह सोशल मीडिया की जान बन गई हैं। प्राची सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं और इंस्टाग्राम पर अपने बोल्ड लुक से तहलका मचा देती हैं। एक्ट्रेस की एक-एक फोटो पर फैंस हजारों और लाखों की संख्या में लाइक्स देते हैं। प्राची सिंह वेस्टर्न आउटफिट में ही नहीं बल्कि सलवार सूट से लेकर साड़ी तक में अपना फिगर फ्लॉन्ट करना जानती हैं। हाल ही में प्राची सिंह की कुछ फोटोज इंटरनेट पर आग लगा रही हैं। इन फोटोज में वह पिंक कलर की साड़ी में बला की सुंदर लग रही हैं। आइए आपको प्राची की एक और तस्वीर में के सिजलिंग पोज दिखाते हैं।

प्राची सिंह का इंस्टाग्राम अकाउंट बोल्ड फोटोज से भरा हुआ है। ये फोटोज एक्ट्रेस ने कुछ समय पहले शेयर की थीं, जिसमें वह काफी हसीन लगीं। प्राची सिंह ने इन फोटोज में ब्लू कलर की साड़ी पहनी हुई है, जिसमें उन्होंने अपना फिगर बहुत की खूबसूरती से फ्लॉन्ट किया। इसके साथ एक्ट्रेस ने पिंक कलर का बोल्ड ब्लाउज पहना। प्राची सिंह का ये ब्लाउज ब्रा स्टाइल में है, जिसे एक्ट्रेस ने बहुत ही खूबसूरती से पहना। इस डीप नेक ब्लाउज को एक्ट्रेस ने काफी कॉन्फिडेंस के साथ पहना है।

प्राची सिंह ने अपनी इन फोटोज में अलग-अलग पोज दिए हैं। इस फोटो में एक्ट्रेस ने अपनी आंखों को बंद किया हुआ है। प्राची सिंह ने अपनी इन फोटोज में अलग-अलग पोज दिए हैं। इस फोटो में एक्ट्रेस ने अपनी आंखों को बंद किया हुआ है। प्राची सिंह ने इस फोटोशूट का एक वीडियो भी शेयर किया है, जिसमें वह अपना फिगर फ्लॉन्ट करती दिख रही हैं। इस वीडियो में एक्ट्रेस की पतली कमरिया पर फैंस की निगाहें रुक गईं।

प्राची सिंह की इन फोटोज को फैंस ने काफी पसंद किया था। हर किसी ने उनके लुक्स की तारीफ की। एक्ट्रेस के लिए हार्ट और फायर के इमोजी आए। बता दें कि प्राची सिंह अपनी जिंदगी में एक कदम आगे बढ़ चुकी हैं। वह अपने बॉयफ्रेंड किशन राय संग सगाई कर चुकी हैं। कपल की फोटोज काफी वायरल हुईं। हालांकि, अब फैंस जानना चाहते हैं कि प्राची सिंह कब शादी कर रही हैं। एक्ट्रेस की तरफ से अब तक डेट सामने नहीं आई हैं।

# डाइटिंग : रोजाना चेक करते हैं वजन तो जान लें यह तरीका सही है या नहीं

**वजन घटाना हो या बढ़ाना पहले सही तरीके से वेट मशीन पर वजन करना सीख लें। अक्सर वजन मापने के लिए वेट मशीन का यूज किया जाता है। कई बार एक ही मशीन तरह-तरह माप देते हैं जिससे लोग कंफ्यूज हो जाते हैं। बार-बार मशीन से वजन मापने के कारण कभी लगता है कि मशीन ठीक से काम नहीं कर रहा है तो वहीं कभी लगता है ज्यादा खा लेने से वजन ज्यादा बढ़ गया है। अगर आपको भी वजन करने के दौरान ऐसा लगता है आप गलत तरीके से वजन कर रहे हैं।**

### वर्कआउट के तुरंत बाद चेक न करें वजन



वर्क आउट के तुरंत बाद वजन चेक नहीं करना चाहिए क्योंकि इससे सही वजन का पता नहीं चल पाता है। हम ऐसा इसलिए कह रहे हैं कि बहुत ज्यादा पसीना निकलने की वजह से वजन करने में सही माप नहीं आता है। वीकेंड में लगातार जंक और मीठा खाने के बाद जब एक्सरसाइज स्किप कर देते हैं और उसके बाद वजन मापते हैं तो वजन का सही माप नहीं आता है। वजन बढ़ने से मोटिवेशन कम होने लगती है। इसका असर वजन कम करने पर पड़ सकता है।

### पीरियड्स और कब्ज के दौरान न करें वजन चेक

पीरियड्स के दौरान ब्लोटिंग और वॉटर रिटेंशन के कारण भी वजन मापने पर सही माप नहीं आता है। कब्ज के दौरान वजन मापने से वजन ज्यादा आ सकता है। इन दोनों स्थितियों में वजन कभी भी नहीं मापना चाहिए।

### वजन चेक करने का सही समय व तरीका ये है

वजन चेक करने का सबसे परफेक्ट टाइमिंग सुबह का होता है। हमेशा सुबह फ्रेश होने के बाद ही वजन चेक करना चाहिए। वेट मशीन तब ही सही वजन बता सकता है जब वह ठीक से काम करे। मशीन के कांटे जीरो पर स्थिर होने के बाद एकदम सही वजन बताता है।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### नफरत का जवाब मोहब्बत से देना जानती है कांग्रेस : डॉ. महंत

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने भाजपा प्रत्याशी सरोज पाण्डेय के द्वारा उन्हें सक्ती का निवासी और बाहरी बताने के बयान पर पलटवार कर कहा है कि हमें बाहरी बताने वाली सरोज पाण्डेय पहले यह बताएं कि कोरबा से उनका क्या रिश्ता है? उन्हें यह नहीं भूलना चाहिए कि कोरबा लोकसभा पूर्व में अविभाजित जांजगीर लोकसभा का हिस्सा हुआ करता था और उससे पृथक होकर कोरबा लोकसभा तथा कांग्रेस की प्रदेश सरकार में सक्ती पृथक जिला का गठन हुआ है। अविभाजित जांजगीर लोकसभा के समय से मैं और मेरा पूरा परिवार क्षेत्रवासियों की सेवा करते आएं हैं और कोरबा संसदीय क्षेत्र की जनता का स्नेह व आशीर्वाद हमेशा से रहा है। डॉ. महंत ने कहा कि सरोज पाण्डेय अपना दुर्ग जिला छोडक़र कोरबा में चुनाव लडऩे आई हैं तो उन्हें यह पहले बताना चाहिए कि कोरबा से उनका रिश्ता क्या है? वे तो नजदीक की बात क्या करें, दूर-दूर तक उनका न तो कोरबा और न ही कोरबावासियों से कभी कोई नाता रहा है, वे यहां सिर्फ और सिर्फ चुनाव लडऩे के मकसद से आई हैं और वे जान रही हैं कि कोरबा में भी उनकी दाल नहीं गलने वाली, इसलिए जनता को अनर्गल बातों से गुमराह करने का काम कर रही हैं। डॉ. महंत ने कहा कि मेरी धर्मपत्नी ज्योत्सना महंत कुशल गृहणी होने के साथ-साथ कुशल राजनीतिज्ञ भी है और जनता के बीच शांत, सौम्य स्वभाव के लिए जानी जाती है। रही बात कोरबा जिले के विकास की तो हमने अपने कर्यकाल में पूरी इच्छाशक्ति के साथ कोरबा के विकास के लिए कार्य किया है। जवाब तो सरोज पाण्डेय को देना चाहिए कि 15 साल तक भाजपा की सरकार छत्तीसगढ़ में रही और अभी 10 साल से केन्द्र में भी भाजपा की सरकार है तो अपने शासनकाल में इन्होंने कोरबा के विकास के लिए क्या किया?

### आकाश यादव ने शुरू किया अनिवार्य सेवा से डाकमत मतदान

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** कलेक्टर कार्यालय सारंगढ़ में स्थित डाकमत सुविधा केंद्र में अनिवार्य सेवा अंतर्गत फोटोग्राफर आकाश (परमेश्वर) यादव ने डाक मत से वोट की शुरुआत की। अनिवार्य सेवा के कर्मियों के लिए कलेक्टर कार्यालय परिसर सारंगढ़ में डाक मत पत्र से मतदान करने की सुविधा 6 मई 2024 तक है। जिला प्रशासन द्वारा इस कड़ी में स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय सारंगढ़ में 28 अप्रैल को शासकीय अधिकारी, कर्मचारी के लिए डाक मत पत्र से वोट देने का सुविधा है। पुलिस (गृह) विभाग के अधिकारी कर्मचारी के लिए पुलिस अधीक्षक कार्यालय सारंगढ़ में 29 और 30 अप्रैल 2024 को यह सुविधा है। सभी स्थानों में यह सुविधा सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक है। उल्लेखनीय है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुसार निर्वाचन कर्तव्य पर अधिकारी, कर्मचारी, अनिवार्य सेवा श्रेणी के मतदाताओं तथा अनुपस्थित मतदाताओं को डाक मत पत्र के माध्यम से सुविधा केंद्र में मतदान करने का प्रावधान है।

### होटल बेबीलॉन में मतदाताओं को मिलेगी रूम बुकिंग में छूट

**रायपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता के लिए निरंतर पहल की जा रही है। होटल बेबीलॉन ने जिला निर्वाचन अधिकारी को एक पत्र सौंपा है। जिसमें मतदाता जागरूकता के लिए कई सुविधाओं में छूट का ऐलान किया है। रूम बुक करने पर 30 प्रतिशत की छूट, मॉकटेल में 25 प्रतिशत की छूट, 20 प्रतिशत कार्ट फूड में छूट, 15 प्रतिशत बुफेट में छूट, तीन बुफेट में एक व्यक्ति को छूट की सुविधा मिलेगी। यह सुविधा 7 मई से लेकर 10 मई तक रहेगी।

### चेंबर में आमसभा का हुआ सफल आयोजन

# शत प्रतिशत मतदान हेतु व्यापारियों ने ली शपथ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष- राजेन्द्र जग्गी ,विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के आमसभा का आज दिनांक 27 अप्रैल 2024 को दोपहर 3 बजे चेम्बर कार्यालय चै.देवीलाल व्यापार उद्योग भवन बाम्बे मार्केट, रायपुर में संपन्न हुई। जिसमें चेम्बर प्रदेश महामंत्री अजय भसीन द्वारा 3 वर्ष के कार्यकाल में किये गये कार्यों की जानकारी दी गई तथा चेंबर आय व्यय ब्यौरा उपस्थित सदस्यों के बीच रखा गया।




चेंबर महामंत्री अजय भसीन ने आमसभा में चेम्बर द्वारा 3 वर्ष के कार्यकाल में किये गये कार्यों की जानकारी देते हुए आगे बताया कि व्यापारिक हित में कई महत्वपूर्ण मांग चेंबर द्वारा की गई जिसे शासन प्रशासन द्वारा त्वरित निर्णय लेकर कार्यवाही की गई, इसी के परिणामस्वरूप आज शासकीय योजनाओं में चेंबर पदाधिकारियों को सदस्य के रूप में स्थान मिल रहा है।

पारवानी ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश के व्यापारियों को पहचान दिलाई है। व्यापार शिरोमणि, सर्वश्रेष्ठ व्यापारी से अलंकृत हुए तथा राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य के रूप में चुने गये। यही कारण है कि आज छत्तीसगढ़ के व्यापारियों को राष्ट्रीय स्तर पर अलग से देखा जाता है।

कार्यक्रम में भसीन द्वारा 64वें वार्षिक सम्मेलन (आमसभा) की कार्यवाही का पठन किया गया जिसे उपस्थित सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। उसके पश्चात् सदस्यों से प्राप्त नये आवेदन पत्रों को स्वीकृति प्रदान की गई।

प्रतिनिधियों के नाम परिवर्तन हेतु प्राप्त आवेदन को स्वीकृति, रू. 2000 से अधिक के खर्च की स्वीकृति प्रदान की गई। चेम्बर प्रदेश कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा की अनुपस्थिति में चेम्बर मंत्री राकेश वाधवानी ने चेम्बर के आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। चेम्बर महामंत्री अजय भसीन ने सदस्यों को प्रस्ताव रखा कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चेम्बर चुनाव की तिथि को 3 माह के लिये आगे बढ़ाया जा रहा है, जिसे उपस्थित सदस्यों द्वारा एकस्वर में सर्वसम्मति से अपनी स्वीकृति दी गई।

आमसभा के कार्यक्रम को बढ़ाते हुए चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने कार्यक्रम में उपस्थित व्यापारी सदस्यों एवं पदाधिकारियों तथा व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों से यह अपील की कि भविष्य को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के व्यापारी स्वयं को अद्यतन करें, विकसित भारत तभी बनेगा जब विकसित छत्तीसगढ़ होगा, जिसे प्राप्त करने के लिये हमें अपने व्यापार करने की प्रक्रिया में बदलाव लाना होगा। सरकार द्वारा लाये जा रहे प्रावधानों और योजनाओं का हमें ज्ञान होगा। जब तक हम अपने कंफर्ट जोन से बाहर नहीं निकलेंगे तब तक हमारा विकास संभव नहीं है। रूढ़िवादिता को छोड़ नवीन चीजें अपानी होगी क्योंकि मुश्किल समय ही व्यक्ति को मजबूत बनाता है।

पारवानी जी ने उपस्थित व्यापारियों से निवेदन करते हुए कहा कि हमें अपने व्यापार को रि-चेक करने की आवश्यकता है। हमें अपने विजन को बढ़ाने की आवश्यकता है। जब तक हम स्वयं में सक्षम नहीं होंगे तब तक हम अपने लक्ष्य को भेद नहीं सकते। अत: हमें भविष्य में अवसरों को देखते हुए सुनियोजित तरीके से आगे बढ़ना होगा।

पारवानी जी ने 7 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव हेतु आमसभा में उपस्थित समस्त व्यापारी सदस्यों को शत् प्रतिशत मतदान करवाने की शपथ लेने की अपील की कि सबसे पहले मैं, मेरा परिवार, मेरा कर्मचारी, उनका परिवार एवं पड़ोसी अवश्य ही मतदान करें। कार्यक्रम का संचालन चेम्बर महामंत्री अजय भसीन एवं कार्यकारी महामंत्री कपिल दोशी ने किया तथा आभार प्रदर्शन चेम्बर महामंत्री अजय भसीन ने किया। आमसभा में चेम्बर पदाधिकारी, व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं सदस्यगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# मुस्कुराने से अस्सी प्रतिशत से अधिक बीमारियों से बच जाते हैं: ब्रह्माकुमारी अदिति दीदी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** भारत में पहले कौशल उन्मुख विश्वविद्यालय के रूप में श्रेय प्राप्त एएएफ्टी जनसंचार एण्ड कला विश्वविद्यालय के छात्र व फैकल्टी मेम्बर्स के लिए कल शान्ति सरोवर रिट्रीट सेन्टर में तनाव प्रबन्धन कला विषय पर व्याख्यान रखा गया। राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी अदिति दीदी ने कहा कि तनाव को खत्म करने का सबसे अच्छा तरीका है कि हम मुस्कुराना सीखें।



मुस्कुराते रहने से हम अस्सी प्रतिशत से अधिक बीमारियों से बच जाते हैं। इससे हमारे अन्दर का तनाव तो खत्म होता ही है साथ ही वायुमण्डल में सकारात्मक उर्जा का संचार होता है। एक बच्चा सारे दिन में तीन सौ से अधिक बार मुस्कुराता है।

उसी प्रकार आप भी पद और पोजीशन भूलकर बच्चा बन जाइए तो तनावमुक्त हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि तनाव से आत्मा रूपी बैटरी डिस्चार्ज होती है। घर में यदि कलह-क्लेष है इसका मतलब है कि बैटरी डिस्चार्ज है। मेडिटेशन के माध्यम से परमात्मा को याद करने से हमें परमात्म शक्ति मिलती है। उन्होंने बतलाया कि यदि लगातार इक्कीस दिनों तक खराब रिलेशन वाले व्यक्ति को पाजिटिव वायब्रेशन दिए जाएं तो उसके प्रभाव से खराब रिलेशन भी ठीक हो जाते हैं।

इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी दीक्षा दीदी ने तनाव से बचने का तरीका बतलाते हुए कहा कि हम सभी आत्माएं एक पिता परमात्मा की सन्तान होने के कारण आपस में भाई-भाई हैं। जब यह ईश्वरीय ज्ञान हमें मिल जाता है और हम सामने वाले को जो है, जैसा है, वैसा ही स्वीकार कर लेते हैं तो इससे अस्सी प्रतिशत झगड़ा समाप्त हो जाता है। आत्मा एक सूक्ष्म शक्ति है। वह शरीर के द्वारा कर्म करती है।

हम सारे दिन में जितने भी लोगों के सम्पर्क में आते हैं उनके साथ हमारा कार्मिक एकाउण्ट बनता जाता है। जो कि हमें अपने जीवन में चुकाकर बराबर करना होता है। इसलिए जीवन में जब भी कोई विपरीत परिस्थिति आए, दु:ख या संकट आए तो सदैव यह समझना चाहिए कि पिछले जन्म का हिसाब-किताब खत्म हो रहा है। इससे स्ट्रेस फ्री बने रहेंगे।

## साध्वी प्रियदर्शना श्री जी का साध्वी समुदाय के साथ दुर्ग मंगल प्रवेश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** जैन साध्वी प्रियदर्शना श्रीजी प्रियदा अपने साध्वी समुदाय के साथ चातुर्मास के पश्चात छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों का विचरण करते साध्वी विचक्षण श्रीजी साध्वी सुकृति श्रीजी साध्वी प्रज्ञपति श्री जी के साथ दुर्ग नगर में प्रवेश हुआ।

लगभग दो माह विचरण करते हुए भखारा सेमरा जामगांव रानीतराई कलम डोंगी डांडी लोहार बालोद दल्ली राजहरा गुंडरदेही क्षेत्र में धर्म की प्रभावना त्याग तपस्या का संकल्प करवाते हुए दुर्ग प्रवेश किया। खंडेलवाल कॉलोनी के लोढ़ा भवन में धर्म सभा को संबोधित करते हुए साध्वी प्रियदर्शनी श्री जी ने कहां की संसार की भौतिक वस्तुओं की इच्छा का त्याग कर अपने अंदर की इच्छा शक्ति को पटना जीवन जैसे-जैसे आंतरिक इच्छा शक्ति बढ़ेगी वैसे-वैसे संसार से आसक्ति छूटती जाएगी और जीव धर्म की ओर अग्रसर होते जाएगा धर्म की ओर जाने से जीव के पाप छुट्ते जाते हैं और कर्म की निर्जरा होती जाती है और आत्मा मोक्ष मार्ग की ओर अग्रसर होती हे कल प्रात: साध्वी समुदाय का प्रवेश नवकार भवन ऋषभ कॉलोनी में होगा जहां 8:30 बजे से बड़ी साधु वंदना तथा प्रवचन होगा। एक भव अवतारी दादा गुरुदेव आचार्य श्री जयमल जी महाराज की उत्कृष्ट रचना बड़ी साधु वंदना का भव्य कार्यक्रम आगम वंदना प्रश्नोत्तरी कार्यक्रमों के साथ संपन्न होगा जिसमें जैन समाज के लोग हिस्सा लेंगे।

## भगवान शिव एवं माता पार्वती मूर्ति की धूमधाम से हुई स्थापना

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** वैशाली नगर क्षेत्र के बाबा दीप सिंह नगर (सुन्दर नगर) स्थित माता जी के दुर्गा मंदिर में भगवान शिव एवं माता पार्वती की मूर्ति की स्थापना के साथ प्राण प्रतिष्ठा का मंगल कार्य धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। मंदिर की माताजी धर्मवती शुक्ला की देखरेख में आयोजित हुए प्राण प्रतिष्ठा समारोह में प्रधान पंडित कृष्ण कुमार पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान से प्रतिमाओं में प्राण प्रतिष्ठा कर मंदिर में स्थापित कराया। इसके लिए तीन दिनों तक लगातार हवन-पूजन एवं अन्य धार्मिक विधियों एवं वैदिक रीति से पूजा-पाठ किया गया। बड़ी संख्या में महिलाओं ने हिस्सा लेकर प्राण प्रतिष्ठित मूर्ति की पूजा अर्चना की। विद्वान पंडितों एवं पुजारियों के साथ ही स्थानीय धर्मप्रेमी प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान में जुटे रहे। अंतिम दिवस आयोजक माताजी धर्मवती शुक्ला ने दुर्गा मंदिर में भगवान शिव एवं माता पार्वती की मूर्ति की स्थापना पर कन्या पूजन भोग-प्रसाद भंडारे का आयोजन किया।

प्रतिमा स्थापना का धार्मिक कार्य बुधवार से श्रीगणेश हुआ और शुक्रवार 26 अप्रैल को सम्पन्न हुआ। कलश पूजन, वेदी पूजन, नवग्रह पूजन, भगवन शैया शयन, अभिषेक, स्थापना आदि का शुभ कार्य तीन दिनों तक निर्विघ्न चलता रहा। भगवान शिव एवं माता पार्वती की सजीव दिखने वाली यह मूर्ति साउथ वाले भाई-बहिनों ने भेंट किया है।

## ऑटो की श्रृंखला बनाकर शत-प्रतिशत मतदान का दिया संदेश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** जिले में हर मतदाता को जागरूक करने और मतदान केन्द्र तक लाने जिला प्रशासन द्वारा स्वीप की गतिविधियां व्यापक पैमाने पर आयोजित की जा रही है। इसमें हर वर्ग अपनी भागीदारी बखूबी निभा रहा है। जिले के ऑटो चालकों ने भी लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने का संकल्प लिया है। आरटीओ और यातायात पुलिस के जरिए इस अभियान को गति देते हुए आज स्थानीय पुलिस परेड ग्राउंड में स्वीप का कार्यक्रम आयोजित किया गया। ऑटो चालकों ने ऑटो के जरिए शत प्रतिशत वोट की आकृति बनाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण ने जिला ऑटो संघ के सदस्यों को स्वीप का दूत बनाकर उन्हें लोकसभा निर्वाचन सहित अन्य निर्वाचनों में अपने मताधिकार का उपयोग करने की शपथ दिलायी। बस और ऑटो में 07 मई को वोट देने की अपील युक्त पोस्टर लगाया गया। कलेक्टर ने स्वयं वाहनों में पोस्टर लगाया। इस अवसर पर नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार, सीईओ जिला पंचायत और स्वीप के नोडल अधिकारी आर. पी. चौहान, ट्रैफिक डीएसपी संजय यादव, जिला परिवहन अधिकारी असीम माथुर, अपर संचालक योगेश टंडन, जिला पंचायत के परियोजना अधिकारी ओम पांडे सहित बड़ी संख्या में ऑटो चालक मौजूद थे।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि सभी व्यक्तियों को अनिवार्य रूप से मतदान करना चाहिए। मतदान हमारा अधिकार ही नही हमारा कर्तव्य भी है। हमें अपने इस कर्तव्य को अवश्य निभाना चाहिए। 5 वर्षो में एक बार हमें यह अवसर मिलता है। कलेक्टर ने ऑटो संघ के सदस्यों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने ऑटो के माध्यम से मतदाता जागरूकता के संदेश का प्रसार करें और हर मतदाता को चुनाव में भागीदारी के लिए प्रेरित करने में अपनी भूमिका निभाएं। कार्यक्रम में जिला परिवहन अधिकरी ने कहा कि ऑटो चालकों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। प्रतिदिन हजारों लोग आपके संपर्क में आते है। लोकतंत्र के इस महापर्व में लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करें। कार्यक्रम में ऑटो संघ के पदाधिकारियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# सेक्टर अधिकारी पूरी संजीदगी से करें कमीशनिंग का काम : कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** लोकसभा निर्वाचन के लिए नियुक्त सेक्टर अधिकारियों और उनके सहयोगियों को आज इव्हीएम कमीशनिंग का प्रशिक्षण जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष और जल संसाधन विभाग के प्रार्थना सभाकक्ष में दिया गया। मंथन सभाकक्ष में कोटा, तखतपुर, मस्तूरी विधानसभा क्षेत्रों के सेक्टर अधिकारियों के लिए और प्रार्थना सभाकक्ष में बिल्हा, बिलासपुर और बेलतरा विधानसभा क्षेत्रों के सेक्टर अधिकारियों के लिए यह प्रशिक्षण आयोजित किया गया।



कमीशनिंग का अर्थ होता है ईव्हीएम मशीनों को मतदान के लिए तैयार करना। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अवनीश शरण ने प्रशिक्षण में हैंड्स ऑन (खुद करके देखना) प्रशिक्षण पर विशेष जोर दिया। मास्टर ट्रेनर एमटी आलम ने ईव्हीएम कमीशनिंग की बारीकियों से प्रशिक्षणार्थियों को अवगत कराते हुए उनकी शंकाओं का भी समाधान किया।

कलेक्टर ने प्रशिक्षण में कहा कि कमीशनिंग का काम बहुत महत्वपूर्ण है। पूरी जिम्मेदारी और संजीदगी से यह कार्य करें। प्रशिक्षण में दी गई जानकारी को अच्छी तरह आत्मसात् करें। किसी भी प्रकार की शंका होने पर अवश्य प्रश्न पूछकर उनका निराकरण करें। उन्होंने सभी को टीम भावना के साथ काम करते हुए समय-सीमा में यह कार्य करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सेक्टर अधिकारियों से हैंड्स ऑन ट्रेनिंग के जरिए अब तक लिए गए प्रशिक्षण के बारे में जानकारी ली। मास्टर ट्रेनर एमटी आलम ने प्रशिक्षण में बताया कि कमीशनिंग के कार्य में विभिन्न प्रकार की सावधानियां बरतने के साथ ही तकनीकी जानकारी होनी जरूरी है। सभी सेक्टर अधिकारियों को कमीशनिंग प्रक्रिया में कंट्रोल यूनिट, कैंडिडेट सेटिंग, बैटरी चेक, बैलेट यूनिट, मतपत्र सेटिंग, व्हीव्हीपेट बैटरी चेकिंग आदि के बारे में बताया गया। यह भी बताया गया कि ईव्हीएम मॉक पोल टेस्ट राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में होगा। जिसमें 5 प्रतिशत मशीनों का 1 हजार वोट टेस्ट के साथ मॉक पोल होगा। सबसे पहले बैलेट यूनिट की कमीशनिंग होगी। बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट और व्हीव्हीपेट के संचालन के साथ ही एक दूसरे के साथ कनेक्ट करना, ईव्हीएम सील करना, मॉक पोल, सीआरसी, सामान्य इरर एवं उसके कारणों सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में अधिकारी-कर्मचारियों ने हैंड्स ऑन के माध्यम से अभ्यास भी किया।

ये रहें मौजूद - प्रशिक्षण में उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिवकुमार बनर्जी, एआरओ, सेक्टर ऑफि सर और उनके सहयोगी मौजूद थे। ईव्हीएम मशीनों की कमीशनिंग की प्रक्रिया 29 अप्रैल से सवेरे 9 बजे से कोनी स्थित शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में बनाए गए स्ट्रांग रूम में शुरू हो जाएगी।

### घर आ जा संगी मतदान करे बर अभियान को मिल रहा अच्छा प्रतिसाद

**बिलासपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण के मार्गदर्शन में श्रम विभाग द्वारा घर आ जा संगी मतदान करे बर अभियान चलाया जा रहा है। अभियान को लोगों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। अभियान से जुड़कर लोग लगातार अपने प्रवासी परिजनों को 07 मई को मतदान करने आने के लिए आहवान कर रहे हैं। इसी कड़ी में मस्तूरी ब्लॉक के ग्राम चिल्हाटी, पतईडीह एवं बिनौरी में भी मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में श्रम विभाग के कर्मचारियों द्वारा ग्रामवासियों को मतदाता शपथ दिलाई गई।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर

### 35 घंटे बाद शबरी नदी में डूबे युवक का शव बरामद

**जगदलपुर (ए.)।** नगरनार थाना क्षेत्र अंतर्गत शबरी नदी में नहाने के दौरान राजनादगांव निवासी युवक अभिषेक शुक्रवार की शाम को डूब गया था, जिसके बाद पुलिस की टीम के साथ ही एसडीआरएफ की टीम ने 5 किमी तक खोजबीन के बाद आखिरकार 35 घंटे बाद युवक का शव बरामद कर लिया है। एसडीआरएफके अनुसार युवक का शव 27 अप्रैल को घटनास्थल से 5 किलोमीटर दूर ताल्लूर घाट के पास राजनांदगांव निवासी अशोक कुमार के शव को पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया, जिसका पोस्टमार्टम के बाद नगरनार पुलिस ने परिजनों को युवक का शव सौंप दिया।

### अवैध शराब विक्रय के मामले में एक महिला समेत दो गिरफ्तार

**दुर्ग।** अैवध शराब बिक्री के मामले में जिले की छावनी थाना पुलिस ने एक महिला सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है तथा उनके पास से 59 पौवा देशी शराब जब्त किया है। बता दें कि पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला के द्वारा अवैध नशा के विरूद्ध कार्यवाही हेतु सभी थाना प्रभारियो को निर्देशित किया गया है जिसमे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर सुखनंदन सिंह राठौर एवं नगर पुलिस अधीक्षक छावनी हरिश पाटिल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी छावनी उप निरीक्षक चेतन सिंह चन्द्राकर के नेतृत्व में छावनी पुलिस के द्वारा क्षेत्र मे दिनांक 27 अप्रेल को मुखबिर से सूचना मिली कि जलेबी चौक, प्रगति नगर, दुर्गा मंदिर के पास कैम्प 1 भिलाई मे श्रीमती आशा सिंग नामक महिला एवं कोमल सिन्हा नामक व्यक्ति के द्वारा शराब बेच रहे है। सूचना पर पुलिस की टीम द्वारा उक्त स्थान पर घेरा बंदी कर रेड कार्यवाही कर आशा सिंग के कब्जे से 30 पौवा देशी मसाला शराब कीमत 3300 रूपये एवं कोमल सिन्हा के कब्जे से 29 पौवा देशी शोले प्लेन शराब कीमत 2610 रूपये बरामद किया गया। दोनो आरोपियो के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायालय दुर्ग मे न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

### चलती कार में लगी आग, जान बचाकर भागे लोग

**रायपुर (ए.)।** रायपुर में चलती कार में आग लग गई। देखते ही देखते आग बढ़ गई और पूरे कार को चपेट में ले लिया। जैसे-तैसे कार में सवार व्यक्ति बाहर निकले। आग लगने की घटना से इलाके में अफरा-तफरी मची। मामला रायपुर के लाखे नगर चौक के पास का बताया जा रहा है। लाखे नगर चौक से गुजरते समय एक चलती कार में आग लग गई। आग कार के समाने हिस्सा में लगी। इसके बाद आग विकराल रूप धारण कर लिया और पूरी कार अपनी चपेट में ले लिया। चलती कार में आग लगने से आसपास मौजूद लोग भयभीत हो गए। जानकारी के अनुसार, कार का नंबर सीजी 04 एचजे 7558 बताया जा रहा है।

# ठेकेदार की हत्या का खुलासा, रिपोर्ट लिखाने वाला ही निकला कातिल, दो गिरफ्तार

## हत्या करने वाले ने ही पुलिस को दी सुलभ में शव मिलने की सूचना

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** मोहन नगर थाना क्षेत्र में पिछले दिनों मिली हलवाई की लाश के मामले में पुलिस ने शनिवार को बड़ा खुलासा किया है। इस मामले में पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने पैसों के लेनदेन को लेकर हलवाई ठेकेदार की हत्या कर दी और शव का सुलभ शौचालय के डबरी में ठिकाने लगा दिया। खास बात यह है कि हत्या करने वाले ने ही सुलभ में शव मिलने की सूचना पुलिस को दी थी। मर्ग जांच के दौरान पीएम रिपोर्ट में हत्या का पता चला और पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।



मामले का खुलासा करते हुए मोहन नगर पुलिस ने बताया कि राधेश्याम वर्मा (25) ने 22 अप्रैल को थाने पहुंचकर बताया कि गेंदी डबरी शौचालय में एक व्यक्ति मृत अवस्था में पढ़ा है। सूचना पर थाना मोहन नगर पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जाच शुरू की। शव की शिनाख्त तितुरडीह नायापारा निवासी शेखर यादव उर्फ बंटी (41) के रूप हुई। शव का पीएम कराया गया और रिपोर्ट में हत्या होना पाया गया। इसके बाद पुलिस ने धारा 302 के तहत अपराध दर्ज कर हत्यारों की तलाश शुरू की।

जांच के दौरान पुलिस को सूचना देने वाले राधेश्याम यादव उर्फ बुद्ध पर शक हुआ। मृतक से राधेश्याम का परिचय था। शक के आधार पर पुलिस ने राधेश्याम यादव उसके दो साथी प्रकाश यादव उर्फ पप्पू व महावीर यादव उर्फ बातू को हिरासत में लिया। पुलिस की पूछताछ में तीनों ने जल्द ही सच उगल दिया। आरोपियों ने बताया कि शेखर यादव हलवाई ठेकेदारी का काम करता है और तीनों ने उसके पास काम किया था। काम के बाद पूरा पैसा नहीं दिया। पैसों की मांग करने पर टाल देता था।

22 अप्रैल को तीनों ने प्लानिंग के साथ शेखर यादव को मिलने के लिए बुलाया। यहां शेखर यादव को पहले शराब पिलाई और उसके बाद पैसों की मांग की गई। इसे लेकर विवाद हुआ और विवाद इतन बढ़ गया कि तीनों ने हाथ, मुक्का, लात घूंसा, बांस के डण्डे व अन्य हथियार से जमकर पीटा। इससे शेखर यादव की मौत हो गई। बचने के लिए तीनों ने शव को शुलभ शौचालय के अंदर रख दिया। इसके बाद आरोपी राधेश्याम यादव खुद थाने पहुंचकर शव मिलने की सूचना दी। पुलिस ने तीनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया। इस पूरी कार्रवाई में नगर पुलिस अधीक्षक दुर्ग चिराग जैन के नेतृत्व में थाना प्रभारी आकांक्षा पाण्डेय (प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक), प्रधान आरक्षक संतोष शर्मा, आरक्षक ओमप्रकाश देशमुख, वेदराम बंधे, मुरली वर्मा, विश्वजित टंडन, शकील खान, तारकेश्वर साहू व सचिन सिंह का विशेष योगदान रहा।

## बाइक सवार पिता-पुत्र व नातिन की मौत, गुस्साए ग्रामीणों ने किया चक्काजाम



श्रीकंचनपथ न्यूज

**जांजगीर चांपा।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर चांपा जिले शनिवार को दर्दनाक हादसे में पिता-पुत्र व नातिन की मौत हो गई। हादसा अरसमेटा मोड़ के पास के तब हुआ जब एक अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे बिलासपुर रेफर किया गया है। इधर हादसे से गुस्साए ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों को समझाइश दी।

मिली जानकारी के अनुसार मुलमुला थाना क्षेत्र की यह घटना है। कोनारगढ़ निवासी रामकुमार कश्यप (47) एक बाइक पर अपनी पत्नी शतरूपा बाई (42), पुत्र चंद्र प्रकाश कश्यप (19) व 3 साल की नातिन के साथ अपने गांव कोनारगढ से गांव परसदा जा रहे थे। शनिवार दोपहर करीबन 12.30 बजे अरसमेटा मोड़ के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए। ठोकर के कारण बाइक में सवार सभी सड़क के किनारे जा गिरे।


हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक रुका नहीं और भाग गया। घटना के बाद मौके पर पिता पुत्र और नतिन की मृत्यु हो गई। वहीं मृतक की पत्नी शतरूपा बाई गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे उपचार के लिए बिलासपुर में भर्ती कराया गया। तीनों मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए पामगढ़ के अस्पताल में भेजा गया है। घटना स्थल पर आसपास के लोग जमा हो गए और जमकर हंगामा किया। मौके पर स्थानीय विधायक भी पहुंच गए और ग्रामीणों के साथ चक्काजाम कर दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# बारात से लौटती बस व ट्रक में भिड़ंत, एक युवक की मौत, चालक गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर से बारात लेकर लौट रही बस से सिर निकालना युवक को उस वक्त महंगा पड़ गया जब सामने की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार ट्रक के कुचलकर युवक की मौत हो गई। वहीं इस घटना में दो घायलों को अंबिकापुर रेफर किया गया है। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार धरमजयगढ़ से कई लोग अवतार बस क्रमांक सीजी 13 एजे 2993 में सवार होकर बलरामपुर बारात में गए हुए थे देर रात 11 बजे वहां से वापस लौटते समय अवतार पर



जब जशपुर जिले के पत्थगांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सुखरापारा के पास ही थी कि सामने की तरफ से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 14 एमजी 9654 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ट्रक को बस से सटाते हुए निकाल दिया जिससे बस की खिड़की में बैठे बाराती युवक संजय तिवारी पिता रूस तिवारी, अश्विन तिवारी, माधुरी को गंभीर चोट आई।

अचानक इस घटना के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई और फिर घायलों को तत्काल पत्थलगांव सिविल अस्पताल में ले जाकर भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान संजय तिवारी की मौत हो गई, वहीं दो अन्य घायलों को अंबिकापुर रेफर कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि रात अधिक हो जाने के कारण संजय अपनी सीट में खिड़की किनारे सोया हुआ था अचानक घटी इस घटना में उसे संभलने का मौका नही मिला और यह घटना हो गई। घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज से आधार पर ट्रक को जब्त करते हुए चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## सुरक्षाबलों की गिरफ्त में आया नक्सली, सर्चिंग के दौरान मिली सफलता

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों द्वारा चलाये जा रहे नक्सल विरोधी अभियान एक नक्सली को गिरफ्तार करने में सफ्लता मिली है। सर्चिंग के दौरान सिराकोन्टा व दमपाया के जंगल से सुरक्षाबल के जवानों ने एक नक्सली को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए नक्सली के पास से भारी मात्रा में विस्फोटक व अन्य सामग्री बरामद की गई है।



पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मद्देड़ थाना से जिलाबल व डीआरजी बीजापुर की संयुक्त पार्टी सिराकोन्टा व दमपाया की तरफगस्त सर्चिंग पर निकली हुई थी। सर्चिंग अभियान के दौरान सिराकोन्टा दमपाया के बीच जंगल से 1 संदिग्ध पुलिस पार्टी को देखकर लुकते छिपते भागने का प्रयास कर रहा था। जिसे संयुक्त पार्टी द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ करने पर उसने नाम मरपल्ली देवेंद्र पिता मरपल्ली रमैया उम्र 29 निवासी मरपल्लीपारा दमपया थाना मद्देड़ बताया।

नक्सली के कब्जे से विस्फोटक सामग्री जिलेटिन, कॉर्डेक्स वायर, डेटोनेटर, 3 नग वॉकी टॉकी व चार्जर, 1 नग नोकिया मोबाईल व प्रतिबंधित संगठन का बैनर पोस्टर बरामद किया गया। पकड़ा व्यक्ति नक्सल संगठन के मद्देड़ एरिया कमेटी अंतर्गत सक्रिय रहकर संगठन के लिए आईईडी लगाना एवं अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर नक्सल संगठन के लिए समान सप्लाई करने की बात स्वीकार किया है। पकड़े गए नक्सली के विरुद्ध मद्देड़ थाना में वैधानिक कार्यवाही के बाद न्यायलय बीजापुर में पेश किया गया है।

## फाइनेंस कंपनियों ने महिला समूह को किया परेशान, पुलिस में की शिकायत

**कोरबा (ए.)।** समूह की उन्नति के साथ जीवन स्तर को बेहतर करने के लिए 2 साल पहले फइनेंस कंपनियों से लिया गया कर्ज पाली पड़निया गांव की महिला समूह के लिए परेशानी का कारण बन गया है। आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने से महिलाएं पिछले 1 महीने से परेशान है। फाइनेंस कंपनियों के लोग उनके गांव में डेरा डाल रहे हैं जिससे वे तनाव में है। महिलाओं ने मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की है।

जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर दूर स्थित पाली पड़निया गांव से एक समूह की 15 महिलाएं इस बात को लेकर मुश्किल में है कि फाइनेंस कंपनी के काफी लोग त्रस्त होकर उनके गांव में धाबा बोल रहे हैं और उन्हें परेशान कर रहे हैं। गांव की महिलाएं बताती है कि उन्होंने 2 वर्ष पहले फाइनेंस कंपनी से वित्तीय सहायता ली थी और लगातार समय पर भुगतान भी कर रही थी । 1 महीने से हालात अच्छे नहीं है इसलिए भुगतान करने में दिक्कत है । उनके द्वारा अतिरिक्त समय देने की मांग की गई है। गांव की महिलाएं पुलिस अधीक्षक से मिलकर बताया कि आशीर्वाद, बंधन सहित चार फाइनेंस कंपनी के लोग फोन के साथ-साथ उनके गांव में आकर डेरा डालकर परेशान कर रहे हैं। उनकी गतिविधियों के कारण मानसिक तनाव बढ़ रहा है। महिलाओं ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि उनकी समस्या को समझने के साथ फाइनेंस कंपनियां के कर्मचारियों की कारगुजारी पर रोक लगाने की व्यवस्था की जाए।

# लोहे का गुजरा लगे डंडे से मारकर की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर (ए.)।** रायपुर के तिल्दा-नेवरा थाना क्षेत्र में एक हत्या का मामला सामने आया है। आरोपी ने युवक को लोहे का गुजरा लगे डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी। मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी चोरी, लूट और मारपीट जैसे कई गंभीर मामलों में जेल जा चुका है।

दरअसल, बीते 19 अप्रैल को सुबह एक व्यक्ती का शव बाजार पारा तिल्दा में मिला। थाना तिल्दा नेवरा में मर्ग कायम कर पचनामा कर शव को पीएम के लिए भेजा गया। मृतक के शरीर में संदेहास्पद चोट होने से पीएम रिपोर्ट को क्यूरी कराया गया, जिसमें डॉक्टर ने मृतक के शरीर



में गंभीर प्रकृति की चोट की बात कही। मर्ग जांच के दौरान घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के लोगों से मामले में पूछताछ किया गया। इस दौरान उन्होंने बताया कि 18 अप्रैल को रात लगभग एक बजे मोहल्ले निवासी नवीन विश्वकर्मा अपने घर के सामने गली में दीपक यादव को मोहल्ले में चोरी करने के लिए आया, तेरे को आज बताऊंगा खून कैसे होता है। यह कहकर दोनों आपस में लड़ाई कर रहे थे।

इस दौरान आरोपी नवीन विश्वकर्मा को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। इस दौरान आरोपी ने हत्या की घटना को अंजाम देना कबूल किया। एक नग डंडा, जिसमे एक तरफ लोहे का नुकीला गुजरा लगा हुआ जब्त किया गया है। आरोपी नवीन विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा दिया गया है।

# तस्कर के कब्जे से मुक्त कराया 200 मवेशियों को, अपराध दर्ज

**कोरबा (ए.)।** छुरी के बिंझपुर जंगल के रास्ते से लगभग 200 कि संख्या मे गौवंश ले जा रहे कुछ व्यक्तियों को छुरी के गौ सेवकों ने रोक लिया। उनसे इस बारे में पूछताछ की। साथ ही मामले की सूचना कटघोरा पुलिस को दी। पुलिस की जांच में तस्कर छुरी के ही निवासी निकले।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मवेशियों को जंगल के रास्ते झारखंड ले जाने और बूचडखाना के हवाले करने की योजना थी जो लोगों की सक्रियता से नाकाम हो गई। कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने बताया कि तस्करी मामले मे मेघा चैहान कि रिपोर्ट पर छुरी निवासी दुकालू केंवट व संतोष केंवट पर पशु करूरता अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। जिसकी जांच कि जा रही है। प्रांतीय गौ रक्षा सवर्धन प्रमुख उमेश बिसेन ने तस्करी करने वालो पर सख्त कार्यवाही की मांग की। उन्होंने कहा कि कटघोरा क्षेत्र मे गौ तस्करी के मामले ज्यादा आने लगे हैं। गौ तस्करी माफिया छुरी के निवासी है जिनका एक बड़ा टीम क्षेत्र मे काफी वर्षो से काम कर रहा है, जिन्हे पूरी तरह से बंद करना चाहिए।

गौरक्षा अभियान से जुड़े सामाजिक कार्यकर्ता उमेश बिसेन ने कहा कि जब गौवंश पकड़े जाते हैं, तब स्थानीय वेटनरी कि जिम्मेदारी होती है उनके चारा पानी कि व्यवस्था करना। वही वेटनरी के सुस्त रवैय्ये से भी गौ रक्षा सवर्धन प्रमुख ने नाराजगी जाहिर कि कहा कि क्षेत्र के गौ वंश को चंद रूपये मे खरीद कर झारखंड ले जाया जाता है, जहा इसका व्यापार बडी मात्रा में किया जा रहा है, तस्करी मे शामिल सभी के नाम लेते हुए उमेश बिसेन ने सभी पर सख्त कार्यवाही कि बात कही। 1 महीने पहले इसी प्रकार के मामले कोरबा जिले के विकासखंड पौड़ी उपरोड़ा में भी सामने आए थे। जहां पर नानक सिंह राजपूत और दीपक अग्रवाल व उनके साथियों की सक्रियता से झारखंड पासिंग वाहन को रोकने के साथ 11 से अधिक गायों की रक्षा की गई थी। इस मामले में झारखंड के रहने वाले एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया।


सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें
9303289950, 9827806026
8962815243



Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RAKESH SINGH
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
पुष्पांजलि स्वीट्स के बाजू में, कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

## खास - खबर

### ईहीएम अतिरिक्त बैलेट युनिटों का किया गया प्रथम रेण्डमाईजेशन

**दुर्ग।** लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 07 दुर्ग के लिए विधानसभाओं में उपयोग होने वाले ई.व्ही.एम. मशीनों के अतिरिक्त बैलेट यूनिट का प्रथम रेंडमाइजेशन ऑब्जर्वर एस.बी. शेट्टेनवर और कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी की मौजूदगी में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अरविंद एक्का, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी बजरंग दुबे एवं अपर कलेक्टर श्रीमती योगिता देवांगन, संयुक्त कलेक्टर हरवंश सिंह मिरी, डिप्टी कलेक्टर लवकेश कुमार, ए.आर.ओ. सोनल डेविड, दीपक निकुंज, मुकेश रावटे, महेश गुप्ता सहित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

### पॉलिटेक्टिनिक कॉलेज दुर्ग एवं साइंस कॉलेज दुर्ग में किया जाएगा मतदान सामग्री वितरण

**दुर्ग।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार लोकसभा आम निर्वाचन 2024 हेतु मानस भवन दुर्ग, शास. पॉलिटेक्टिनिक कॉलेज दुर्ग एवं शास. विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग (साइंस कॉलेज दुर्ग) में मतदान सामग्री वितरण किया जाएगा। तीनों स्थलों पर सामग्री वितरण के संपूर्ण प्रबंधन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए है। विधानसभा क्षेत्र 63 दुर्ग ग्रामीण एवं 67 अहिवारा हेतु मतदान सामग्री का वितरण शास. पॉलीटेक्निक कॉलेज दुर्ग में किया जाएगा। उपर्युक्त स्थल हेतु आयुक्त नगर पालिका निगम रिसाली मोनिका वर्मा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र 62 पाटन, 64 दुर्ग शहर, 68 साजा (आंशिक) व 69 बेमेतरा (आंशिक) हेतु मतदान सामग्री का वितरण मानस भवन में होगा, जिसके लिए आयुक्त नगर पालिका निगम दुर्ग श्री लोकेश चंद्राकर को नोडल अधिकारी बनाया गया है। विधानसभा क्षेत्र 65 भिलाई नगर व 66 वैशाली नगर हेतु मतदान सामग्री का वितरण शास. विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग में होगा, जिसके लिए आयुक्त नगर पालिका निगम भिलाई देवेश ध्रुव को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात अधिकारी-कर्मचारी व पुलिस बल डाक मतपत्र के माध्यम से कर सकते हैं मतदान

**दुर्ग।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत जिले में 7 मई को संसदीय निर्वाचन क्षेत्र-07 में मतदान सम्पन्न होना है। दुर्ग जिले के मतदाता (जिला दुर्ग एवं अन्य जिले में कार्यरत) जो कि मतदान दिवस पर निर्वाचन कार्य से ड्यूटी पर तैनात रहेंगे, ऐसे अधिकारी-कर्मचारियों के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने विधानसभावार सुविधा केन्द्र एवं अनुपस्थित श्रेणी अनिवार्य सेवा के मतदाता हेतु पोस्टल वोटिंग सेन्टर बीआईटी कॉलेज दुर्ग के साईंस ब्लाक में स्थापित किया गया है। साथ ही समस्त विधानसभा (पुलिस बल) के लिए रक्षित केन्द्र दुर्ग में सुरक्षा हेतु ड्यूटी पर तैनात अधिकारी-कर्मचारियों के लिए भी सुविधा केन्द्र बनाया गया है। मतदान करने की तिथि 28 अप्रैल से 01 मई 2024 को प्रात: 9 बजे से शाम 5 बजे तक और 04 से 06 मई 2024 को प्रात: 9 से शाम 5 बजे तक का समय निर्धारित है। उक्त तिथि पर अधिकारी-कर्मचारी स्थापित सुविधा केन्द्र/पोस्टल वोटिंग सेंटर पर उपस्थित होकर डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कर सकते हैं।

# बीएसपी अब पूरे वर्ष प्रदान करेगा वोकेशनल ट्रेनिंग

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** इस्पात उत्पादन में अग्रणी बने रहने के साथ साथ अपने सामाजिक निगमित उत्तरदायित्व पहलों के लिए भी सदैव प्रयासरत रहा है। जिसके तहत संयंत्र अपने परिधि क्षेत्र के लोगों के लिए तो कार्य कर ही रहा है और सीएसआर पहल के अंतर्गत वोकेशनल ट्रेनिंग भी नि:शुल्क प्रदान की जा रही है, ताकि विद्यार्थी इसका भरपूर लाभ ले पायें। इस वोकेशनल/प्रोजेक्ट ट्रेनिंग में प्रवेश के लिए, देश के सभी राज्यों के विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं। बीएसपी में पहले यह वोकेशनल ट्रेनिंग सिर्फगर्मियों में दी जाती थी। सिर्फगर्मियों में इसके आयोजन की वजह से इसका लाभ कम लोग ही ले पाते थे। इसलिए संयंत्र प्रबंधन ने विगत 2 वर्षों से वोकेशनल ट्रेनिंग साल भर प्रदान करने का निर्णय लिया है।



**वोकेशनल ट्रेनिंग:** यह हमारे कौशल को निखारने का एक सशक्त माध्यम है। वोकेशनल ट्रेनिंग हमें व्यापारी, तकनीशियन या किसी भी क्षेत्र में एक कुशल पेशेवर के साथ साथ अनुभवी व्यक्ति के रूप में काम करने के लिए तैयार करती है। वोकेशनल ट्रेनिंग किसी व्यक्ति को उसके अपेक्षित कौशल के साथ लाभकारी रोजगार या स्व-रोजगार के लिए तैयार करता है। इस पर एचआरडी की मुख्य महाप्रबंधक निशा सोनी का कहना है, कि कई बच्चों को स्टील इंडस्ट्री या ऐसे कई व्यावसायिक क्षेत्रों के बारे में जमीनी स्तर की जानकारी नहीं होती है या कम होती है। जिसकी वजह से वह कई अवसरों का लाभ नहीं उठा पाते और अपने अंदर के कौशल को वर्तमान परिपेक्ष्य के हिसाब से ढाल नहीं पाते। वोकेशनल ट्रेनिंग ऐसे ही बच्चों को इंडस्ट्री एक्सप्लोर करने का अवसर प्रदान करता है। यह युवाओं के कौशल को निखार कर उन्हें नवाचारों की गतिशीलता में, हर संभावना की खोज करने के लिए प्रेरित करता है। महाप्रबंधक (एचआरडी) अमूल्य प्रियदर्शी ने बताया कि वोकेशनल/प्रोजेक्ट ट्रेनिंग से विद्यार्थियों को उनके व्यावसायिक जीवन में भी काफी लाभ हुआ है। ये विद्यार्थियों पर निर्भर करता है, कि वे इस वोकेषनल/प्रोजेक्ट ट्रेनिंग को कितनी गंभीरता से लेते हैं। इसका सबसे अच्छा उदाहरण है कि वोकेषनल/प्रोजेक्ट ट्रेनिंग से लाभ प्राप्त कुछ विद्यार्थी आज बीएसपी में ही कार्यरत हैं। उप प्रबंधक (एचआरडी) सुष्मिता पाटला ने कहा कि वोकेशनल ट्रेनिंग का अनुभव हमारे करियर में अहम रोल प्ले करता है। यदि विद्यार्थी इसे अवसर के रूप में लें तो तकनीकी या व्यावसायिक क्षेत्र में मूल्यांकन करना, निर्णय लेना, सुरक्षित कार्य करना, संसाधनों का उचित उपयोग करने जैसी छोटी छोटी बारीकियां सीखते हुए, भविष्य के लिए अपने कौशल का विकास कर सकते हैं।

**क्यों है महत्वपूर्ण:** कभी ना कभी आपके मन में भी ये सवाल जरुर आया होगा, कि वोकेशनल ट्रेनिंग इतना महत्वपूर्ण क्यों है ? और इससे हमे क्या लाभ होता है ? यह महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे हमें किसी भी स्ट्रीम की आतंरिक और वास्तविक जानकारी तो होती ही है, इसके साथ ही विषय सम्बन्धित वोकेशनल ट्रेनर और विशेषज्ञों के साथ चर्चा करने का अवसर भी प्राप्त होता है। जहाँ वे अपने अनुभव से प्राप्त ज्ञान साझा कर, जमीनी स्तर की आधारभूत और विषय सम्बन्धित आवश्यक जानकारी प्रदान करते हैं। वोकेशनल ट्रेनिंग ना केवल तकनीकी कौशल निखारता है, बल्कि एक मजबूत कार्य नीति और आत्मविश्वास को भी बढाता है। वोकेशनल ट्रेनिंग को आप एक गेम चेंजर की तरह देख सकते हैं, क्योंकि इससे जो कौशल आप सीखेंगे और जो अवसर आपको प्राप्त होंगे, वो निश्चित तौर पर सार्थक साबित होंगे। एचआरडी के अधिकारियों का कहना है की कभी कभी कुछ संस्थानों से हमें वोकेशनल ट्रेनिंग की पुष्टि के लिए भी सम्पर्क किया जाता है।

**कौन होगा पात्र:** भिलाई इस्पात संयंत्र में वोकेशनल/प्रोजेक्ट ट्रेनिंग इंजीनियरिंग में ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन, प्रबंधन, फॉर्मेसी, फिजियोथेरेपी, अग्नि और सुरक्षा, सामाजिक विज्ञान, कानून, मीडिया एवं जनसम्पर्क, कंप्यूटर अनुप्रयोग और ट्रेनिंग के समय लागू अन्य कोई भी स्ट्रीम या पाठ्यक्रम के विद्यार्थी प्राप्त कर सकते हैं। इसमें देश भर के सभी संस्थानों से विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं। इसमें बीएसपी कर्मचारियों के बच्चों को प्राथमिकता दी जाती है।

**प्रक्रिया:** इसके लिए संबंधित संस्थान के प्रमुख/डीन/एचओडी द्वारा सीधे या संबंधित छात्रध्छात्राओं के माध्यम से, वोकेषनल/प्रोजेक्ट ट्रेनिंग में प्रवेश सम्बन्धी सभी आवश्यक दस्तावेज प्रशिक्षण शुरू होने की तारीख से एक महीने पहले बीएसपी के मानव संसाधन विकास विभाग के महाप्रबंधक को भेजी जाती है या मेल की जाती है। एचआरडीसी प्राप्त आवेदन की जांच करेगा और उपलब्ध सीटों की संख्या पर विचार करते हुए, 'पहले आओ पहले पाओ' के आधार पर छात्रों की अंतिम सूची देता है। इसके बाद एचआरडीसी, संबंधित संस्थान के प्रमुख या छात्र/छात्राओं को वोकेषनल/प्रोजेक्ट ट्रेनिंग के विवरण के साथ स्वीकृति पत्र भेजता है। फिर प्रशिक्षुओं को एचआरडी से प्राप्त पुष्टि पत्र/मेल, दो तस्वीरें और संस्थान के पहचान पत्र के साथ निर्धारित दिन पर प्रशिक्षण के लिए रिपोर्ट करना होता है।

## सेवानिवृत्ति पर बीएसपी प्रबंधन ने दी भावभीनी विदाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा से अप्रैल 2024 माह में सेवानिवृत्त हो रहे कार्यपालकों को 27 अप्रैल 2024 को इस्पात भवन स्थित निदेषक प्रभारी सभागार में आयोजित समारोह में संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर विषेष अतिथि के रूप में कार्यपालक निदेषक पवन कुमार उपस्थित थे।

भिलाई इस्पात संयंत्र में अप्रैल 2024 में कुल 126 कर्मचारी सेवानिवृत्त हो रहे हैं जिसमें कुल 4 कार्यपालक, 117 गैर-कार्यपालक शामिल है। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों में खदान बिरादरी के 5 सदस्य भी शामिल हैं। इस अवसर पर संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता तथा कार्यपालक निदेषक पवन कुमार ने कार्यपालकों को सेवानिवृत्ति आदेष प्रदान किया। श्री दासगुप्ता ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ एवं उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।





सेवानिवृत्त होने वाले कार्यपालकों में शामिल हैं उपमहाप्रबंधक शमषाद रजा, सहायक महाप्रबंधक मंगल प्रसाद साहू, वरिष्ठ प्रबंधक टी सत्यपाल तथा बलराम।

संयंत्र के कार्मिकों को 30 अप्रैल 2024 को महात्मा गांधी कला मंदिर में आयोजित विदाई समारोह में सेवानिवृत्ति आदेष प्रदान किया जाएगा।

## ट्रेनों की लेटलतीफी से मिलेगी राहत, एसईसीआर के यह सेक्शन हुए ऑटो सिग्नलिंग से लैश

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। ट्रेनों की लेटलतीफी रोकने और दुर्घटनाओं की आशंकाओं को खत्म करने के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा लगातार डेवलपमेंट पर ध्यान दे रहा है। इसी कड़ी में कुम्हारी-सरोना और बिलासपुर-गतोरा सेक्शन को आटोमेटिक सिग्नल प्रणाली से लैस कर दिया गया है। इस सिस्टम के लगने से अब कई ट्रेन एक ही ट्रैक पर आसानी से चल सकेंगी। इससे पैसेंजर ट्रेनों की लेटलतीफी पर विराम लगेगा। सिगनल एवं दूरसंचार के क्षेत्र में मील का पत्थर ऑटो सिग्नलिंग रेलवे का भविष्य है।



ऑटो सिग्नलिंग ज्यादा से ज्यादा ट्रेन चलाने के साथ-साथ प्रमुख जंक्शन स्टेशन के ट्रेफिक को नियंत्रित करने में मदद करता है । पहले जहॉ दो स्टेशनों के बीच एक ही ट्रेन चल सकती थी वहीं ऑटो सिग्नलिंग के द्वारा दो स्टेटशन की बीच दूरी के अनुसार 4, 5 या 6 ट्रेने भी आ सकती है। ऑटो सिग्नलिंग व्यवस्था बिना किसी अतिरिक्त स्टेशनों के निर्माण और रखरखाव के ज्यादा से ज्यादा ट्रेन चलाने की सुविधा प्रदान करती है । वर्तमान में बिना नई लाईन का निर्माण करे सेक्शन की क्षमता बढाने का यह सर्वोत्तम उपाय है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने अप्रैल महीने मे ऑटो सिग्नलिंग के क्षेत्र मे उच्च मापदंड के हर नवीन सोपान को पूरा करते हुए 14 किलोमीटर आटो सिग्नलिंग के काम को पूरा किया है। कुम्हारी से सरोना (7 किमी), बिलासपुर-गतोरा चतुर्थ लाइन (7 किमी) को ऑटो सिग्नल मे बदला गया है । इस कार्य के सम्पन्न होने से नागपुर से सरोना तक ऑटो सिग्नलिंग पुर्ण हो गया है। सरोना से रायपुर भी अगले तीन माह मे पूर्ण कर लिया जायेगा।

दक्षिण पूर्व मध्यस रेलवे के प्रधान मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर सुरेश कुमार सोलंकी के कुशल दिशा निर्देश में यह जोन अपने ऑटो सिग्नलिंग लक्ष्य के प्रति निरंतर अग्रसित हो रहा है। आने वाले समय में ऑटो सिग्नलिंग व्यवस्था दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे में अत्याधिक मालवाहक ट्रेनों की आवाजाही के कारण देर से चलने वाली पैसेंजर ट्रेनों पर बहुत हद तक विराम लगा सकता है, क्योंकि इस व्यवस्था से एक ब्लॉक सेक्शन में एक से ज्यादा ट्रेनों की आवाजाही सुनिश्चित किया जा सकेगा साथ ही कवच एवं केंद्रीकृत यातायात प्रणाली को लागू करने में भी लाभप्रद सिद्ध होगी।

## गागर में सागर समर्पित है समाज के हर वर्ग के साथ युवाओं को:तिवारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। आचार्य डॉ. महेश चन्द्र शर्मा ने संस्कृत साहित्य का विस्तार से अध्ययन और अध्यापन कर उसका सार इस पुस्तक में लिखा है। गागर में सागर में जीवनोपयोगी सूत्रों की सरल और व्यावहारिक व्याख्यायें की गई हैं। समाज के हर वर्ग के साथ युवाओं के लिये ये समर्पित हैं। इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के लोकपाल डॉ.काशीनाथ तिवारी ने ये विचार व्यक्त किये।




विगत दिनों वे विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग द्वारा साहित्य मनीषी डॉ. महेश चन्द्र शर्मा की आठवीं पुस्तक गागर में सागर की समीक्षा संगोष्ठी के मुख्य अतिथि की आसन्दी से प्रबुद्ध जनों को सम्बोधित कर रहे थे। मौके पर विशेष रूप से आमंत्रित एवं देश-विदेश के अनेक सफल सांस्कृतिक और शैक्षणिक भ्रमण कर चुके भिलाई के वरिष्ठ शिक्षाविद आचार्य डॉ. महेश चन्द्र शर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

लेखन के अपने अनुभव साझा करते हुये आचार्य शर्मा ने कहा कि प्राय: ढाई सौ पृष्ठों की इस पुस्तक में मैंने अपने सुदीर्घ पठन-पाठन,शोध-लेखन और भ्रमण के जीवनोपयोगी निष्कर्षों को सरल और संक्षिप्त भाषा-शैली में रखने का विनम्र प्रयास किया है। यदि पाठक इससे लाभान्वित हुये तो मेरी कोशिश सफल और सार्थक होगी। संगोष्ठी का सफल संचालन करते हुए विभाग की संस्कृत विदुषी डॉ.पूर्णिमा केलकर ने लेखक डॉ.शर्मा की सराहना करते हुए उनकी सूत्र शैली को छात्रोपयोगी बताया। पुस्तक में प्रकाशित धर्म, संस्कृति, साहित्य,योग,संयम, देशभक्ति, व्यवहार ज्ञान, अहिंसा और सदाचार आदि पर लिखित ललित निबंधों की भी उन्होंने प्रशंसा की। शोधछात्रा नीलम श्रीवास्तव ने पुस्तक में आयीं वेद, रामायण, महाभारत, गीता एवं कालिदास साहित्य आदि से चुने हुये पद्यों की सर्वधर्म समभाव परक व्याख्याओं को समसामयिक और उपयोगी बताया। पुस्तक चर्चा से प्रभावित होकर अनेक अनेक लोगों की आशाओं को पूरा करते हुये प्राय: नौ शिक्षकों,शोधार्थियों और एम.ए.के विद्यार्थियों को लेखक द्वारा पुस्तकें नि: शुल्क भेंट की गयीं। वे पठनोपरान्त समीक्षा लेख लिखेंगे। ज्ञातव्य है कि इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ एशिया का प्रसिद्ध विश्वविद्यालय है। देश-विदेश के अनेक विद्यार्थी यहां से कला और साहित्य का ज्ञान प्राप्त करते हैं। डॉ.शर्मा यहां के लिये अनेक वर्षों से, विशेष आमन्त्रित विषय विशेषज्ञ के रूप में मनोनीत हैं। उन्होंने विगत वर्ष अपनी सभी दस पुस्तकें विश्वविद्यालय ग्रन्थागार को भेंट की थी विगत वर्ष उनकी पुस्तक साहित्य और समाज पर भी यहां संगोष्ठी आयोजित की गयी थी।

इस कार्यक्रम में डॉ.शर्मा ने यह भी घोषणा की कि वे अपने स्मृति शेष दादा पं.मदन शर्मा के नाम से संस्कृत में सर्वोच्च अंक प्राप्त विद्यार्थी को नगद राशि से पुरस्कृत करेंगे।

## कर्तव्यों के प्रति लापरवाही बरतने पर पटवारी निलंबित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की वैधानिक प्रावधानों तथा छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1966 के तहत कदाचरण एवं पदीय कर्तव्यों के अनुपालन में घोर लापरवाही बरतने पर ईश्वर सिंह सेवई पटवारी हल्का नंबर 26 ग्राम चंगोरी तहसील दुर्ग को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। कलेक्टर के आदेशानुसार निलंबन अवधि में पटवारी सेवई का मुख्यालय तहसील कार्यालय दुर्ग होगा तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी। ज्ञात हो कि जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है।

किसी भी अधिकारी-कर्मचारी को सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना अवकाश की पात्रता नहीं है। ईश्वर सिंह सेवई पटवारी सक्षम अधिकारी से अवकाश स्वीकृत कराए बिना 21 मार्च 2024 से अपने कर्तव्य पर अनुपस्थित है। इस संबंध में तहसीलदार दुर्ग द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी करने के बावजूद भी पटवारी श्री सेवई निरंतर अनुपस्थित हैं। उक्त पटवारी की अनुपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) दुर्ग द्वारा अनुशासनात्मक कार्यवाही की अनुशंसा की गई है।

# एबीपी 2024-25 पर लार्ज ग्रुप इंटरेक्शन के लिए संवाद कार्यक्रम का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। सेल- भिलाई इस्पात संयंत्र के बिजनेस एक्सीलेंस विभाग द्वारा, एनुअल बिजनेस पर्सपेक्टिव 2024-25 पर लार्ज ग्रुप इंटरेक्शन हेतु संवाद कार्यक्रम का आयोजन 27 अप्रैल 2024 को सिविक सेंटर स्थित महात्मा गाँधी कला मंदिर में किया गया। संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर संयंत्र के कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक डॉ अशोक कुमार पंडा, कार्यपालक निदेशक समीर स्वरुप, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक बी के गिरी, कार्यकारी कार्यपालक निदेशक तापस दासगुप्ता उपस्थित थे।




संवाद सत्र के बाद भिलाई बिरादरी को संबोधित करते हुए निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने सभी को बीते वित्त वर्ष की सफलता और श्रेष्ठ उत्पादन के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि हम सब के मिलकर काम करने से हासिल हुई है। इसके लिए आप सभी बधाई के पात्र है। उन्होंने कहा कि प्रस्तुतीकरण में आप सब ने देखा कि थोड़ी सी कमी विभिन्न क्षेत्रों में रह गई है पर मुझे आषा है कि यह कमी हम इस वित्त वर्ष में पूरा कर लेंगे। उन्होंने बेहतर निष्पादन के लिए सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए कहा कि जहां भी सुरक्षा में सुधार हुआ है वहां निष्पादन में भी सुधार देखने को मिला है। हाउसकीपिंग, सुरक्षा और इक्विपमेंट की उपलब्धता और आपसी संवाद आपके कार्य को बेहतर बनाता है। उन्होंने सुरक्षा पर विषेष जोर देते हुए कहा कि सुरक्षा किसी व्यक्ति विषेष या विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। हम सब सुरक्षा वॉरियर है। हमें पसीने से इस्पात बनाना है खून से नहीं। उन्होंने कहा कि इस्पात निर्माण में खदानों की स्थिति महत्वपूर्ण है, यह हमारे लिए 'लक्ष्मी' है। उन्होंने खदानों से उत्पादन बढ़ाने पर जोर देते हुए कहा कि हमें नई खदानें भी प्रारंभ करनी है। शासन और सबके सहयोग से रावघाट में हम उत्पादन शुरू कर पाए हैं इसे हमे और बढ़ाना है। रावघाट से अयस्क मिलने से हमारी बहुत सी समस्याएं कम होंगी। संवाद सत्र में पूछे गये प्रष्न के उत्तर में संयंत्र के निदेषक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने कहा कि बाजार और मांग को ध्यान में रखते हुए आगामी वर्ष की उत्पादन योजना बनायी जाती है। रेल की मांग को देखते हुए हमने हेड हार्डेंड रेल को विकसित किया है। इसमें कड़ी मेहनत लगी है। हाल ही में हमने एक रैक भेजी है और शीघ्र ही एक और रैक रवाना करेंगे। उन्होंने चर्चा में कहा कि रेल की मांग को देखते हुए एक नयी रेल मिल बनाने की भी योजना पर विचार चल रहा है। पुराने रेल मिल को क्रमष: हटायेंगे।

उन्होंने पर्यावरण के संदर्भ में चर्चा करते हुए कहा कि आज हम सभी मिलकर शपथ लें कि हम सब भिलाई की हरियाली को बढ़ाने के लिए अपने-अपने स्तर पर प्रयास करेंगे। उन्होंने जल की खपत को कम करने के लिए टाउनषिप के निवासियों से आव्हान किया कि सभी मिलकर प्रयास करें कि कम से कम जल का उपयोग करें। उन्होंने चर्चा में बताया कि भिलाई में पानी की कमी को पूरा करने के लिए षिवनाथ नदी से पानी लाने का प्रयास किया जा रहा है इससे आगे भिलाई को जल की कमी नहीं होगी। उन्होंने प्रबंधन और कार्मिकों के बीच में संवाद बढ़ाने पर जोर देते हुए कहा कि हम प्रयास करेंगे कि आपके उपयुक्त सुझावों को लागू कर पाये।

सर्वप्रथम संचालनकर्ता ने आयोजन को प्रतिपादित करते हुए संक्षिप्त विवरण दिया। इसी क्रम में संयंत्र के सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग, पीपीसी और वित्त एवं लेखा विभाग की ओर से क्रमष: प्रस्तुतीकरण दिये। संयंत्र द्वारा सुरक्षा मानक अपनाते हुए उत्पादन, उत्पादकता और लाभप्रदता बनाये रखने के लिए किये जा रहे प्रयासों का विवरण दिया। सेफ्टी पर प्रस्तुतीकरण जूनियर ऑफिसर अखिल मिश्रा, पीपीसी पर प्रस्तुतीकरण शंकरलाल और वित्त एवं लेखा विभाग पर प्रस्तुतीकरण उप महाप्रबंधक एच एस गिलहरे एवं सहायक प्रबंधक निकिता केषवानी ने दिया। स्टील ऑथोरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड और भिलाई इस्पात संयंत्र हेतु वित्त वर्ष 2024-25 के लिए विभिन्न क्षेत्रों जैसे उत्पादन, अनुरक्षण तथा सुरक्षा के लक्ष्यों पर चर्चा की गयी। प्रस्तुतीकरण के बाद संवाद सत्र का आयोजन किया गया।

एनुअल बिजनेस पर्सपेक्टिव में, सेल के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स द्वारा 2024-25 में कंपनी के लिए निर्धारित लक्ष्य, चुनौतियों और उनके समाधान के बारे में चर्चा की गई। जिसमें विभिन्न विभागों के उच्च अधिकारियों ने, संयंत्र के उच्च प्रबंधन से प्रत्यक्ष रूप से वित्त वर्ष 2024-25 की योजनाओं और वित्त वर्ष 2023-24 में आई चुनौतियों के साथ प्राप्त उपलब्धि पर बातचीत की।

इस संवाद कार्यक्रम का आयोजन एबीपी 2024-25 से सम्बन्धित सभी प्रभावी सूचनाओं को संयंत्र के अधिकारियों के साथ साथ कार्मिकों तक पहुँचाने के लिए किया गया। कार्यक्रम का संचालन उप प्रबंधक (एचआरडी) सुष्मिता पाटला द्वारा किया गया एवं धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक (बीई) मनोज कुमार दुबे द्वारा दिया गया।

इस अवसर पर कलामंदिर के खचाखच भरे सभागार में भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधकगण, महाप्रबंधकगण, ऑफिसर्स एसोसिएषन के पदाधिकारी और श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधि सहित एससी/एसटी एसोसिएषन के प्रतिनिधि और अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद थे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950